दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 76 जयपुर, शनिवार, 24 फरवरी, 2024 | माघ, शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**खेल परिषद का एक्शन:** 40 करोड़ का बकाया भुगतान नहीं करने पर ऑफिस से लेकर स्टोर तक लगा दिए ताले

# जयपुर में IPL मैच पर संकट, RCA से छीना ऑफिस और SMS स्टेडियम

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में अगले महीने से आईपीएल के तीन मैच होने प्रस्तावित हैं। आईपीएल के इन मैचों से पहले ही राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन पर खेल परिषद की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई है। खेल परिषद ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के ऑफिस से कब्जा छीन लिया है। साथ ही सवाई मानसिंह स्टेडियम भी वापस ले लिया है। अब तक स्टेडियम का एक हिस्सा आरसीए के पास था और इसी कैंपस में आरसीए का ऑफिस बना हुआ था। करीब 40 करोड़ की राशि का भुगतान नहीं करने के कारण आरसीए के आफिस से लेकर स्टोर पर ताले लगा दिए गए हैं। खेल परिषद ने नोटिस देकर खाली करने का समय दिया था।



फोटो: राजेश कुमावत

## खेल परिषद ने आगे नहीं बढ़ाया MOU

खेल परिषद का राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के बीच जो एमओयू हुआ था। उसी एमओयू के तहत सवाई मानसिंह स्टेडियम परिसर में आरसीए ने ऑफिस बना रखा था। साथ ही एक हिस्सा कब्जे में था। इस पर आरसीए की ओर के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता था। 22 फरवरी को एमओयू खत्म हो गया। कुछ दिनों पहले आरसीए की ओर से खेल परिषद को पत्र लिखकर एमओयू की अवधि आगे बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन खेल परिषद ने इस अवधि को आगे नहीं बढ़ाया। ऐसे में शुक्रवार को खेल परिषद के अधिकारियों ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन, राजस्थान क्रिकेट अकादमी के ऑफिस, सवाई मानसिंह स्टेडियम और होटल को कब्जे में लिया है।



## वैभव की बढ़ी मुश्किलें

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत आरसीए के अध्यक्ष हैं। पिछले साल वे निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए थे। प्रदेश में अब सरकार बदलते ही पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत की मुश्किलें भी बढ़ने लगी हैं।

## सरकार के नोटिस का नहीं दिया जवाब

खेल परिषद के सचिव सोहनलाल ने बताया कि आरसीए का एमओयू समाप्त हो गया है। आरसीए ने सालों से बकाया चल रहे 40 करोड़ रुपए का भुगतान भी नहीं किया है। इसमें 3 करोड़ 50 लाख रुपए बिजली का बिल और 5 करोड़ रुपए स्टेडियम के रख-रखाव का भी शामिल है। बाकी पिछले लंबे सालों से बकाया चल रहा है। इसको लेकर लंबे समय से नोटिस दिए जा रहे थे। इनका कोई जवाब नहीं दिया गया।

## सभी आरोप झूठे और निराधार



चूरू डिस्ट्रिक क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पराक्रम ने खुद के निर्वाचन पर लगे सभी आरोपी को निराधार और झूठा बताया। उन्होंने कहा कि चूरू डिस्ट्रिक क्रिकेट एसोसिएशन का चुनाव राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की संवैधानिक प्रक्रिया के तहत पूरा हुआ है। फिर भी उन्हें अगर कोई दिक्कत है तो उनके सामने सभी दस्तावेज पेश कर दिए जाएंगे।

---

**जरूरी खबर**

## महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी का निधन



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना नेता मनोहर जोशी का 86 की उम्र में हार्ट अटैक से निधन हो गया। उन्होंने मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में शुक्रवार सुबह अंतिम सांस ली। मनोहर जोशी को बुधवार को हार्ट अटैक आया था। तब से वे अस्पताल में भर्ती थे। मुंबई के शिवाजी पार्क श्मशान में राजकीय सम्मान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। मनोहर जोशी ने 1970 के दशक में शिवसेना से विधान परिषद के लिए निर्वाचित होकर अपने राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह 1976 से 1977 तक मुंबई के मेयर भी रहे। मनोहर जोशी 1995-1999 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद पर रहे। इसके बाद वाजपेयी सरकार में उन्हें 2002-04 तक के लिए लोकसभा स्पीकर बनाया गया।

## सीएम आज से दो दिवसीय पूर्वी राजस्थान के दौरे पर

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार से दो दिवसीय दौरे पर पूर्वी राजस्थान के विभिन्न जिलों के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान ईआरसीपी की सौगात पर आमजन अलवर, भरतपुर, डीग, धौलपुर, करौली, गंगापुरसिटी, दौसा, टोंक और जयपुर जिलों के विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री का स्वागत करेंगे। शर्मा शनिवार को सबसे पहले अलवर के बड़ौदा मेव व इसके बाद नगर, डीग व भरतपुर में ईआरसीपी आभार सभा को संबोधित करेंगे।

---

**SMS अस्पताल में गलत ग्रुप का ब्लड चढ़ाने का मामला**

# युवक की मौत पर बवाल परिजनों का फूटा गुस्सा

**राज्य सरकार ने दिए जांच के आदेश**

**बेधड़क** | जयपुर


राजधानी के सबसे बड़े सवाई मान सिंह अस्पताल में गलत ग्रुप का ब्लड चढ़ाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा कर दिया। सड़क जाम करते हुए सरकार से न्याय की गुहार लगाई. दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और मुआवजे की मांग की गई। उधर, राज्य सरकार ने इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं। अस्पताल प्रशासन ने इस मामले में नर्सिंग ऑफिसर को सस्पेंड कर दिया है और तीन डॉक्टरों को हटाया दिया है।

बांदीकुई के रायपुर गांव निवासी सचिन शर्मा पुत्र महेश चंद्र शर्मा 11 फरवरी को सड़क हादसे में बुरी तरह घायल हो गया था। उसे जयपुर एसएमएस अस्पताल के ऑर्थो वार्ड में भर्ती कराया गया। एक्सीडेंट में सचिन का ब्लड ज्यादा बह गया था। इसको लेकर डॉक्टरों ने सचिन को ब्लड चढ़ाने को कहा था। इमरजेंसी केस को देखते हुए उसका ब्लड सैंपल लिया गया। यह ब्लड सैंपल नर्सिंग स्टाफ की जगह एक वार्ड बॉय ने लिया। इसके कारण बड़ी गलती हुई। इसके बाद गलत ब्लड ग्रुप की पर्ची पर उसे ब्लड और प्लाज्मा चढ़ा दिया गया। इससे युवक की दोनों किडनियों ने काम करना बंद कर दिया और उसकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई। उसे पेट और कमर दर्द शुरू होने पर उसकी जांच कराई गई।

जांच के बाद उसे आईसीयू में भर्ती कर दिया गया। डायलिसिस के बाद भी उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ और बाद में उसकी मौत हो गई।

परिजन सड़क पर...







समझाइश...



## परिजनों ने लगाया जाम

युवक की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल के बाहर हंगामा कर दिया। उनका कहना था हमें सरकार से न्याय चाहिए। इस मांग के साथ ही उन्होंने अस्पताल के बाहर धरना देना शुरू कर दिया। परिजनों के विरोध प्रदर्शन की वजह से सड़क जाम हो गई। मौके पर सिविल लाइंस के विधायक गोपाल शर्मा और हवामहल विधायक बालमुकंदाचार्य मौके पर पहुंचे। उन्होंने और पुलिस ने परिजनों को काफी समझाने की कोशिश की। इसके बाद बड़ी मुश्किल से किसी तरह से जाम खुलवाया। घंटों तक राहगीर और गाड़ियां जाम में फंसी रहीं।

## परिवार में इकलौता था कमाने वाला

मृतक युवक सचिन के घरवालों ने इस मामले में दोषी अस्पताल स्टाफ के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर, युवक के पिता का कहना था कि उनकी खुद की एक किडनी खराब हो चुकी है। सचिन ही परिवार में इकलौता कमाने वाला था। उसकी एक छोटी बहन भी है। दोनों भाई-बहन की शादी नहीं हुई है।

## नर्सिंग ऑफिसर सस्पेंड, तीन डॉक्टरों को किया APO

मामले में दोषी पाए गए एक नर्सिंग ऑफिसर को राज्य सरकार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और तीन डॉक्टरों को एपीओ किया है। इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा शुभ्रा सिंह की ओर से जारी आदेश के अनुसार प्रकरण में प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, मेडिकल कॉलेज, जयपुर द्वारा गठित जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में अस्थि रोग विभाग के सह आचार्य डॉ. एस.के. गोयल, इन सर्विस रेजिडेंट डॉ. दौलतराम एवं डॉ. रिषभ चलाना तथा नर्सिंग ऑफिसर अशोक कुमार वर्मा को दोषी पाया है। डॉ. एस.के. गोयल, डॉ. दौलतराम एवं डॉ. रिषभ चलाना को तत्काल प्रभाव से एपीओ कर दिया गया। डॉ. गोयल का मुख्यालय निदेशालय, चिकित्सा शिक्षा तथा डॉ. दौलतराम एवं डॉ. रिषभ चलाना का मुख्यालय निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, जयपुर रखा गया है। पोलीट्रोमा वार्ड के नर्सिंग ऑफिसर अशोक कुमार वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

---

**एंटी गैंगस्टर टास्ट फोर्स ने गंगापुर सिटी से दबोचा**

# 10 साल से फरार 25 हजार का इनामी आतंकी गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

एंटी गैंगस्टर टास्ट फोर्स ने एक वांछित आतंकी को अरेस्ट किया है। अतिरिक्त महानिदेशक (अपराध) दिनेश एमएन ने बताया कि एंटी गैंगस्टर टास्ट फोर्स की एक टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त रहे आतंकी मोहम्मद मेराजुद्दीन (31) को पकड़ा है। आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) की टीम को 10 साल से उसकी तलाश थी और उस पर 25 हजार रुपए का इनाम भी था।

उन्होंने बताया कि साल 2014 में देश के विभिन्न स्थानों पर आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने की योजना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने प्रदेश के सीकर, जोधपुर और जयपुर जिले से कुल 13 आतंकियों को गिरफ्तार किया था, जिनमें से 12 को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एक आरोपी मोहम्मद मेराजुद्दीन घटना के वक्त से फरार था, उस पर 24 जनवरी, 2018 को 25000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था।



## दिल्ली, गुजरात व राजस्थान में काटी फरारी

एजीटीएफ को सूचना मिली कि एटीएस से इनामी आतंकी मोहम्मद मेराजुद्दीन गंगापुर सिटी आया हुआ है। सूचना पर टीम द्वारा आतंकी के निवास और आसपास के क्षेत्र में सघन निगरानी की। सूचना पुख्ता होने के बाद सीओ सिटी बाबूलाल बिश्नोई मय जाब्ता की मदद से बमुश्किल इसे पकड़ा गया। एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि आतंकी मोहम्मद मेराजुद्दीन दिल्ली में ओखला स्थित मरकस, गुजरात एवं राजस्थान के विभिन्न जिलों में फरारी काट रहा था। प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि यह और इसके साथी इंडियन मुजाहिदीन एवं अन्य इस्लामी संगठनों से संपर्क में थे।

## एटीएस को किया सुपुर्द

दिनेश एमएन ने बताया कि आतंकी मोहम्मद मेराजुद्दीन को राजस्थान एटीएस को सुपुर्द किया जा चुका है। आतंकी से पूछताछ की जा रही है। इससे और भी खुलासे हो सकते हैं। एडीजी ने बताया कि इस संपूर्ण कार्रवाई में एजीटीएफ के एसआई नरेंद्र सिंह, एएसआई शैलेंद्र शर्मा, हेड कांस्टेबल शाहिद अली, कांस्टेबल रविंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, बृजेश कुमार की विशेष भूमिका तथा एएसआई दुष्यंत सिंह एवं कांस्टेबल संजय का तकनीकी सहयोग रहा। साथ ही सीओ गंगापुर सिटी बाबूलाल बिश्नोई मय जाब्ता द्वारा सहयोगी की भूमिका निभाई।

---

# 29 तक टला किसानों का दिल्ली कूच

**एजेंसी** | नई दिल्ली

किसान आंदोलन का शुक्रवार को 11वां दिन रहा। संयुक्त किसान मोर्चा (SKM) ने दिल्ली कूच का फैसला 29 फरवरी तक के लिए टाल दिया है। किसान मजदूर मोर्चा के कोऑर्डिनेटर सरवण पंधेर ने शाम को खनौरी बॉर्डर पर ऐलान किया है कि अब 29 फरवरी तक के लिए दिल्ली चलो मार्च को टाल दिया गया है। इसके पहले शुक्रवार को किसानों ने ब्लैक डे मनाया। शंभू बॉर्डर पर किसानों ने काले झंडे लहराए



और काली पट्टियां बांधी। हरियाणा पुलिस ने आंदोलन कर रहे किसान नेताओं के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई का फैसला वापस लिया।

पेज 8 भी देखें

---

**अंतिम दिन बड़े स्तर पर हुए ट्रांसफर**

# 12 जिलों में जॉइन करने बाद ही फिर बदले SP, 24 आईपीएस के तबादले

- आईपीएस अफसरों की दूसरी तबादला सूची
- एक महिला आईपीएस को और मिली जिले की कमान
- 7 दिन पहले ही किए थे 65 IPS के तबादले

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार ने प्रदेश के 24 आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर कर दिए। खास बात है कि 9 आईपीएस अफसरों ने सात दिन पहले जारी हुई तबादला सूची के बाद जिलों में जॉइन कर लिया था और दो से तीन दिन भी कार्यभार संभाले हुए नहीं हुए थे और सरकार ने फिर से उनका तबादला कर दिया। तबादला सूची में 22 आईपीएस ऐसे है, जिनका सात दिन पहले तबादला हुआ था। दूसरी आईपीएस तबादला सूची में 14 जिलों के एसपी बदले गए हैं। तबादला सूची में दो महिला अफसरों के जिले बदले गए हैं, जबकि एक महिला को जिले की कमान और मिले गई। सात दिन पहले सरकार ने 65 आईपीएस अफसरों के तबादले किए थे। इनमें से 44 जिलों के एसपी बदले गए थे। गुरुवार देर रात जारी हुई तबादला सूची के अनुसार आईपीएस स्मिता श्रीवास्तव को एसीबी में एडीजी के पद पर लगाया है, जबकि बिपिन कुमार पांडे को एडीजी तकनीकी सेवाएं, भूपेंद्र साहू को एडीजी सिविल राइट्स, आईजी जयनारायण को आईजी सिविल राइट्स, डीआईजी अजय सिंह को एसएसबी जोधपुर और डीआईजी अनिल कुमार को भर्ती व पदोन्नति बोर्ड में लगाया है। एडीजी गोविंद गुप्ता को एडीजी पुलिस कल्याण और भिवाड़ी एसपी ज्येष्ठा मैत्रयी को खैरथल-तिजारा एसपी का अतिरिक्त चार्ज दिया है।



**इन 14 जिलों के फिर बदले एसपी:** तबादलों में सरकार ने 14 जिलों के एसपी बदल दिए हैं। भुवन भूषण यादव को सीकर एसपी, राजन दुष्यंत को एसपी भीलवाड़ा, पूजा अवाना को एसपी फलौदी, विनीत कुमार बंसल को एसपी केकड़ी, श्याम सिंह को एसपी डूंगरपुर, नरेंद्र सिंह को एसपी ब्यावर, अनिल कुमार को एसपी सिरोही, ज्ञानचंद्र यादव को एसपी जालौर, राजर्षि राज वर्मा को एसपी झुंझुनूं, वंदिता राणा को एसपी कोटपूतली-बहरोड़, ज्येष्ठा मैत्रयी को एसपी भिवाड़ी, आलोक श्रीवास्तव को डीसीपी जोधपुर कमिश्नरेट पूर्व, राजेश कुमार यादव को डीसीपी जोधपुर कमिश्नरेट पश्चिम और सागर को डीसीपी ट्रैफिक जयपुर कमिश्नरेट लगाया गया है। इन 14 जिलों में सरकार ने 16 फरवरी को ही एसपी बदले थे।

## जोशी से जिले की कमान छीनी

सरकार ने पहली तबादला सूची में राममूर्ति जोशी को सीकर एसपी के पद पर लगाया था। उन्होंने तीन दिन पहले जॉइन कर लिया था, लेकिन सरकार जोशी को अब जीआरपी में लगा दिया। वहीं एसपी लक्ष्मणदास को जयपुर डीसीपी ट्रैफिक के पद से हटा दिया। कांग्रेस सरकार में सीएमओ में रहे शंकर दत्त शर्मा का भी सात दिन में दूसरी बार तबादला हुआ। अब उनको पुलिस मुख्यालय हाउसिंग ब्रांच में एसपी के पद पर लगाया है, जबकि सुरेंद्र सिंह को 8वीं आरएसी बटालियन के कमांडेंट के पद पर लगाया है।

## जरूरी खबर

### शहर के लालकोठी अंडरपास में दिखा लापरवाही पर पर्दा!



**बेधड़क. जयपुर।** जेडीए की ओर से निर्मित लालकोठी सब्जी मंडी अंडरपास का पिछले दिनों लोकार्पण करवाया गया था। इसको अभी छह महीने ही हुए है कि अंडरपास के अंदर लगी वॉल सिलिंग व लाइट टूटने लगी है। लाइटिंग टूटने से वायर भी निकलकर बाहर आ गए हैं। इससे इसकी खूबसूरती पर दाग तो लग रहे है, साथ ही हादसों को भी न्योता मिल रहा है। इसे छूपाने के लिए हरा पर्दा लगाकर ढंका जा रहा है, जबकि इस अंडरपास को बनाने में करोड़ों खर्च हुए थे। वहीं इतनी बड़ी लापरवाही पर आखिर जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं।

### बस ऑपरेटर्स का महाधिवेशन 25 को जयपुर में

**बेधड़क. जयपुर।** बस ऑपरेटर एसोसिएशन राजस्थान का महाधिवेशन रविवार 25 फरवरी को जेएलएन मार्ग स्थित इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में आयोजित होगा। प्रदेशाध्यक्ष सत्यनारायण साहू ने बताया कि महाधिवेशन में बस ऑपरेटर अपनी समस्याओं पर चर्चा करेंगे। साथ ही संगठन की ओर से बस ऑपरेटर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम भी रखा गया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बीओसीआई चेयरमैन जगदेव सिंह खालसा, संरक्षक सुरेंद्र कालरा, अनिल जैन व जयपुर संभाग अध्यक्ष कैलाशचंद्र शर्मा जनसंपर्क कार्य में लगे हुए है।

### सीएम की मंजूरी के बाद भर्ती प्रक्रिया को किया तेज




**बेधड़क. जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से 20 हजार 500 से अधिक पदों पर नर्सिंग व पैरामेडिकल भर्ती-2023 को जारी रखने की मंजूरी मिलने के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में इन भर्तियों के लिए प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भर्ती प्रक्रिया चरणबद्ध रूप से पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसे ध्यान में रखते हुए भर्ती से संबंधित कार्यवाही को गति देकर समयबद्ध रूप से पूरा करने का प्रयास करें। विभाग की एसीएस शुभ्रा सिंह भर्ती प्रक्रिया को चरणबद्ध रूप से पूरा कराने के लिए स्वयं गहन मॉनिटरिंग कर रही हैं।

---

**उपमुख्यमंत्री ने कोटा प्रवास के दौरान** तीन महाविद्यालय भवनों का किया लोकार्पण

# बेटियां हमारा गौरव, शिक्षा व संस्कारों के साथ बढ़ें आगे: बैरवा

**बेधड़क | जयपुर**

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि बेटियां हमारा गौरव हैं। वे शिक्षा और संस्कारों के साथ आगे बढ़ते हुए हर क्षेत्र में अपना, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करें। महाविद्यालयों में उनकी प्रतिभाओं को फलने फूलने के व्यापक अवसर मिलेंगे।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय, राजकीय कन्या महाविद्यालय एवं राजकीय कला कन्या महाविद्यालय के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया। कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। कोटा की बेटिया भी इन महाविद्यालयों के जरिये कॅरियर एवं जीवन में सफलता की नई ऊंचाईयां प्राप्त करेंगे। लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने भी छात्राओं का आह्वान किया कि वे बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करें। कार्यक्रम में राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा सिंह, महाविद्यालय प्राचार्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।




### अंतिम छोर के व्यक्ति को मुख्य धारा में लाना हमारी प्राथमिकता

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में व्यवस्थित तरीके से कार्य किया जा रहा है। 100 दिन की कार्य योजना बनाकर चरणबद्ध तरीके से विकास को गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हम उस दौर में है, जब भारत का विश्व पटल पर मान सम्मान बढा है, हमारे सपने पूरे हो रहे हैं। अब सभी आत्मनिर्भर हों, कोई भी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे, इस उद्देश्य से वंचित और अंतिम छोर के व्यक्ति को मुख्य धारा में लाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की सख्ती और कड़े कदम उठाए जाने के फलस्वरूप पेपर लीक की घटनाओं पर रोक लगी है। शिक्षा तंत्र में भी समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

### ऐसे नवाचार करें कि विद्यार्थियों में स्ट्रेस न होने पाए

उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने कोटा प्रवास के दौरान स्टूडेंट वेलफेयर सोसाइटी एवं हॉस्टल एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत की। यहां उन्होंने कहा कि कोचिंग संस्थान इस तरह के नवाचार करें कि विद्यार्थियों में स्ट्रेस न बढ़े, दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं न हों। उन्होंने आह्वान किया कि कोचिंग एवं हॉस्टल संचालक राज्य सरकार की गाइडलाइन की पालना करते हुए विद्यार्थियों को सकारात्मक एवं घर जैसा माहौल देने के प्रयास करें जिससे शिक्षा में कोटा का नाम निरंतर ऊंचाइयां छुए। कोचिंग संस्थान संचालकों की ओर से केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के संबंध में उनका पक्ष रखे जाने की बात कही गई जिस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित पक्षों के साथ बैठकर विचार विमर्श किया जाएगा।

---

**राज्य स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला में** जलदाय मंत्री ने कहा...

# जल जीवन मिशन में प्रदेश को ऊपरी पायदान पर लाने में जुटें

**बेधड़क | जयपुर**

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि सभी अभियंता राजस्थान को जल जीवन मिशन में ऊपरी पायदान पर लाने को चुनौती के रूप में लेते हुए मिशन के लक्ष्य पूरे करने में जुट जाएं। गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के साथ परियोजनाओं में प्रगति आए इस पर पूरा फोकस किया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राजस्थान जेजेएम के लक्ष्यों को हासिल करने में सफल होगा।

चौधरी शुक्रवार को यहां राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित जल जीवन मिशन पर आयोजित राज्य स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में प्रदेश भर से करीब एक हजार अभियंताओं ने भाग लिया।

उन्होंने कहा कि लोगों को पानी पिलाना पुण्य का काम है और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में होने के कारण हमें अंतिम व्यक्ति तक पेयजल की आपूर्ति करने की जिम्मेदारी मिली है उसका निर्वहन करने में जी-जान से जुटें। जलदाय मंत्री ने परियोजनाओं से जुड़े अभियंताओं को साइट विजिट कर मेजरमेंट बुक चैक करने एवं ठेकेदार फर्म द्वारा किए जा रहे कार्यों की पूरी निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को पानी पिलाने जैसा पुण्य का कार्य हमें मिला है, ऐसे में यह सुनिश्चित करना हम सभी का फर्ज बनता है कि जनता को पेयजल को लेकर किसी भी तरह की तकलीफ नहीं हो। उन्होंने कहा कि पूर्व की गलतियों में सुधार लाते हुए परियोजनाएं बनाते समय इस बात की पूरा ध्यान रखा जाएगा कि जो योजना बन रही है उसमें पूरा पानी मिल रहा है या नहीं इस बात का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्य ऐसा करें कि प्रदेश की जनता की नजरों में आपकी छवि एक जिम्मेदार व्यक्ति की बने।




### रिजर्वायर क्लीनिंग मॉनिटरिंग मोबाइल एप लॉन्च

इस अवसर पर जलदाय मंत्री ने रिजर्वायर क्लीनिंग मॉनिटरिंग एप की लांचिंग की। इस एप के माध्यम से प्रदेश में उच्च एवं स्वच्छ जलाशयों की क्लीनिंग की मॉनिटरिंग मोबाइल एप के माध्यम से की जाएगी। कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में जेजेएम के की पर्फोरमेंस इंडीकेटर्स, पेयजल की गुणवत्ता में सुधार, मॉनिटरिंग एवं सर्विलांस, जेजेएम में नवाचारों तथा सक्सेस स्टोरीज, जलदाय विभाग में आईटी एवं नवाचारों, अमृत 2.0 आदि के बारे में चर्चा एवं प्रस्तुतीकरण हुए।

### पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें

शासन सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ. समित शर्मा ने कहा कि विभाग के अभियंता यह सुनिश्चित करें कि जो परियोजनाएं अभी चल रही हैं उनसे पर्याप्त, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक पेयजल आपूर्ति हो सके। साथ ही, आगे आने वाली परियोजनाओं एवं अमृत योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हो ताकि राजस्थान के प्रत्येक गांव-ढाणी तक पानी पहुंचाया जा सके। उन्होंने अमृत 2.0 के तहत प्रदेश के 183 नगरीय निकायों में घर-घर तक जल पहुंचाने की जिम्मेदारी का निर्वहन भी बखूबी करने का संदेश दिया। डॉ. शर्मा ने कहा कि पेयजल आपूर्ति का एक निश्चित समय तय होना चाहिए। किस शहर में कितनी देर तक और किस समय पेयजल आपूर्ति की जा रही है इसकी भी रूपरेखा तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ट्रेन समय पर आती है उसी प्रकार हमारी जलापूर्ति भी तय समय पर हो, ऐसी व्यवस्था बनाई जाए। इसके लिए हमें सूचना प्रौद्योगिक की भरपूर इस्तेमाल करना होगा। अभी स्काडा सिस्टम उपयोग में लाया जा रहा है और 38 प्रोजेक्ट्स में स्काडा मैपिंग की जा चुकी है जबकि 81 प्रोजेक्ट्स में इसकी मैपिंग बाकी है। उन्होंने विभागीय अभियंताओं को लोकसेवा एवं पेयजल उपभोक्ताओं के प्रति समर्पण की भावना के साथ कार्य कर विभाग को नई ऊंचाईयों पर ले जाने की सीख दी। उन्होंने सेवाभाव, हार्डवर्क, कमिटमेंट, समर्पण एवं विनम्रता को सफलता की कुंजी बताया।

---

**पुलिस कमिश्नरेट में हुए तबादले**

# 77 इंस्पेक्टर इधर-उधर 39 SHO के थाने बदले

**बेधड़क | जयपुर**



जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में देर रात को पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने एक आदेश जारी करके 77 इंस्पेक्टरों के तबादले कर दिए। माना जा रहा है कि तबादला सूची जोसफ ने थानों में तैनात इंस्पेक्टरों के कामकाज का आंकलन करके जारी की है।

पहले से कमिश्नरेट के थानों में लगे 39 इंस्पेक्टरों के केवल थाने बदले गए हैं। जबकि पुलिस लाइन, ट्रैफिक व कमिश्नरेट और एपीओ चल रहे 14 इंस्पेक्टरों को थानों में एसएचओ के पद पर लगाया है। कमिश्नरेट में तैनात 9 इंस्पेक्टरों की कार्यशैली की कई शिकायतें थी। इसके चलते ऐसे 9 इंस्पेक्टरों को थानों से हटाकर लाइन भेज दिया या फिर कमिश्नरेट ऑफिस की अलग-अलग ब्रांच में लगाया गया है। आदेशों के अनुसार इंस्पेक्टर राजीव यदुवंशी को बस्सी, राजकुमार मीणा को कानोता, महेश कुमार को तूंगा, सुभाष चंद्र को आदर्श नगर, राजेश बाफना को ट्रांसपोर्ट नगर, दौलत राम को जवाहर नगर, उदयभान को गांधीनगर, श्रीनिवास जांगिड़ को लाल कोठी, चंद्रभान सिंह को मोतीडूंगरी, निर्मला कुमारी को महिला थाना पूर्व, मोतीलाल को थाना अधिकारी एयरपोर्ट, कमलनयन को मालवीय नगर, विनोद सांखला को जवाहर सर्किल, रण सिंह को बजाज नगर, किशन लाल बिश्नोई को सांगानेर, मनिंदर सिंह को प्रताप नगर, हिम्मत सिंह को मालपुरा गेट, सरदार सिंह को अपराध सहायक जयपुर पूर्व, भवानी सिंह को जिला विशेष शाखा जयपुर पूर्व, रविंद्र सिंह नरूका को वैशाली नगर, गजेंद्र सिंह को करणी विहार, जहीर अब्बास को चित्रकूट, गौतम डोटासरा को भांकरोटा, भजन लाल को बिंदायका, बलवीर सिंह कस्बा को सदर व किरण सिंह को सिंधी कैंप थानें में एसएचओ के पद पर लगाया है। वहीं मंजू चौधरी को महिला थाना पश्चिम, राजेंद्र सिंह को झोटवाड़ा, दलवीर सिंह को करधनी, सुनील कुमार को मुरलीपुरा, दिलीप कुमार को हरमाड़ा, मनीष कुमार को दौलतपुरा, श्रवण कुमार को अपराध सहायक जयपुर पश्चिम, महावीर सिंह यादव को शास्त्री नगर, राकेश कुमार को विद्याधर नगर, राजेश कुमार को कोतवाली, ममता मीना को जालूपुरा, अनिल कुमार यादव को संजय सर्किल, उदय सिंह यादव को रामगंज, लिखमाराम को गलता गेट, अंतिम शर्मा को आमेर, ईश्वर चंद्र को ब्रह्मपुरी, राजेश कुमार मीणा को जयसिंहपुरा खोर, सीताराम खोज को जिला विशेष शाखा उत्तर, अजय सिंह मीणा को चाकसू, रणजीत सिंह को शिवदासपुरा, पूनम कुमारी को सांगानेर सदर, अब्दुल वहीद को कोटखावदा, राजेंद्र कुमार को मानसरोवर, अमित शर्मा को शिप्रा पथ, मदनलाल कड़वासरा को मुहाना, उमेश बेनीवाल को अशोक नगर, रमेश कुमार को ज्योति नगर, शेष करण को विधायक पुरी, सुरेंद्र सिंह को सोडाला, कविता शर्मा को महेश नगर, नंदलाल को श्याम नगर, राजेंद्र खंडेलवाल को ट्रैफिक जयपुर दक्षिण, राजूराम को ट्रैफिक जयपुर पूर्व, महेश चंद्र को स्टाफ ऑफिसर कमिश्नरेट जयपुर, अजय कांत राठौड़ को मेट्रो, संपत राज को ट्रैफिक इंस्पेक्टर पश्चिम, संजय पूनिया को ट्रैफिक इंस्पेक्टर प्रथम, पश्चिम, जयदेव सिंह को सड़क दुर्घटना अनुसंधान इकाई पश्चिम, रजनीश कुमार को पुलिस थाना पर्यटन, भगवान सहाय को यातायात इंस्पेक्टर तृतीय जयपुर पूर्व व जुल्फिकार को यातायात निरीक्षक प्रशासन के पद पर लगाया है। जबकि रामेश्वरी देवी को रिजर्व पुलिस लाइन जयपुर, कैलाश लाल को अपराध शाखा आयुक्तालय जयपुर, हवा सिंह को अपराध शाखा, जयपुर, राजेश कुमार सिंह को आयुक्तालय जयपुर, हरिप्रसाद को संचित निरीक्षक प्रथम पुलिस लाइन जयपुर, संग्राम सिंह को अभय कमांडेंट कंट्रोल सेंटर कमिश्नरेट, वीरेंद्र सिंह को पुलिस नियंत्रण कक्ष कमिश्नरेट, दिगपाल सिंह को रिजर्व पुलिस लाइन, मनोज कुमार को रिजर्व पुलिस लाइन, चंद्र प्रकाश को रिजर्व पुलिस लाइन में भेजा गया है।

---

**प्रदेश भाजपा मुख्यालय में IT** विभाग की बैठक

# आमजन तक पहुंचाएं योजनाएं

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के संबंध में प्रदेश भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को आईटी विभाग की बैठक आयोजित की गई।

इसमें आईटी विभाग के प्रदेश सह संयोजक नरेंद्र कटारा ने सभी पदाधिकारीयों को नमो ऐप के माध्यम से विकसित भारत एंबेसडर बनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं विकास शर्मा ने व्हाट्सएप चेंबर को लेकर विस्तृत जानकारी दी। बैठक में आईटी विभाग के प्रदेश टोली के गणेश शर्मा, रवि शर्मा, रेणु राठौर, स्वेता सिंह, राम दासूजा, दीपिका राठौर सहित अजमेर और उदयपुर संभाग के आईटी पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अंत में शिवम विजयवर्गीय बैठक में आए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया।




# सरकार किसान आंदोलन को कुचलने का कर रही प्रयास

**बेधड़क | जयपुर**

पिछले कई दिनों से चल रहे किसानों के आंदोलन को लेकर किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा है कि सरकार किसानों के अहिंसात्मक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन को कुचलना चाहती है। इसके लिए सरकार डराने-धमकाना, गिरफ्तारियां करने, आंदोलन से जुड़े लोगों को भ्रमित करने जैसे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 21 फरवरी को 400 से अधिक ट्रैक्टर के कूच को रोकने के लिए पुलिस ने इन्हीं सब का सहारा लिया। पुलिस की ओर से प्रस्तुत किए गए परिवाद में किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट एवं अजमेर जिले के महामंत्री रामेश्वर घाषल को ग्राम सील से गिरफ्तार करना बताया गया है। जबकी रामेश्वर घाषल को तो पुलिस जीप में बिठाकर ग्राम कटसूरा से लेकर ग्राम सील आई थी, वहां पर रामपाल जाट को थाना अधिकारी ने साथ चलने को कहा। इस पर जाट उनके साथ गाड़ी में बैठ गए। वहां किसी भी प्रकार की आपस में कोई बातचीत नहीं हुई, रामेश्वर घाषल दूसरी जीप में थे। इसकी जानकारी भी आगे जाकर हुई, वहां आक्रोशित होकर चुनौती देने के तथ्य सर्वथा मिथ्या हैं।

---

**प्री और पोस्ट वेडिंग शूट भी करवा सकेंगे**

# विभाग का नवाचार: पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन में दूल्हा-दुल्हन ले सकेंगे फेरे

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से नवाचार किया जा रहा हैं। डेस्टिनेशन वेडिंग में प्रदेश को सिरमौर बनाने के लिए अब राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) ने भी कदम बढ़ाए हैं।

जल्द ही दुनिया की सबसे सुन्दर और लग्जरी ट्रेन में शुमार पैलेस ऑन व्हील्स को अब डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। यही नहीं वैवाहिक गठबंधन में बंधने वाले जोड़े पैलेस ऑन व्हील्स में प्री और पोस्ट वेडिंग शूट भी करवा सकेंगे। उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने बताया कि पैलेस ऑन व्हील्स को डेस्टिशन वेडिंग के लिए उपलब्ध करवाना एक बड़ा निर्णय है। इससे राजस्थान में डेस्टिनेशन वेडिंग को अत्यधिक बढ़ावा मिलेगा। वहीं, राजस्थानी कला और संस्कृति के साथ वैदिक वैवाहिक रीति-रिवाजों के प्रति विदेशी सैलानियों में आकर्षण बढ़ेगा। दीया कुमारी ने कहा कि पैलेस ऑन व्हील्स दुनिया की सबसे खूबसूरत और लग्जरी ट्रेनों में से एक है। पैलेस ऑन व्हील्स में डेस्टिनेशन वेडिंग करने वाले जोड़े अपनी जिंदगी के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों को यादगार बना सकेंगे।



### 41 साल बाद निजी हाथों से चल रही ट्रेन

दरअसल पैलेस ऑन व्हील 41 साल के इतिहास में पहली बार निजी हाथों में सौंपी गई है। क्रू कंस्ट्रक्शन कंपनी को पैलेस ऑन व्हील की कमान सौंपी गई है। इसके लिए आईआरसीटीसी व कंपनी के बीच अनुबंध हो चुका है। वर्तमान में इस ट्रेन के न्यू लुक के लिए 7 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। आरटीडीसी से पैलेस ऑन व्हील्स रन करने के लिए निजी कंपनी ने हर वर्ष 5 करोड़ का एग्रीमेंट किया। इसके साथ ही टोटल टर्न ओवर का 18 प्रतिशत भी आरटीडीसी को मिलेगा। कंपनी ने इसकी जिम्मेदारी ट्रेन से जुड़े प्रदीप बोहरा को दी है। वे हाल ही में आरटीडीसी के रिटायर्ड हुए थे, जिसके बाद कंपनी ने उन्हें बतौर डायरेक्टर नियुक्त किया।

### वेडिंग डेस्टिनेशन में प्रदेश को मिल चुके कई अवॉर्ड

वेडिंग डेस्टिनेशन में प्रदेश को कई अवार्ड अब तक मिल चुके हैं। इनमें वर्ष 2019- ट्रेवल एण्ड लेजर्स की ओर से बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन अवॉर्ड। वर्ष 2020- आउटलुक ट्रेवलर की ओर से राजस्थान बेस्ट इंडिया वेडिंग डेस्टिनेशन अवॉर्ड। ट्रेवल एण्ड लेजर्स (इण्डिया एण्ड साउथ एशिया) की ओर से राजस्थान को बेस्ट वेडिंग एण्ड हनीमून डेस्टिनेशन अवॉर्ड। वर्ष 2021- ट्रेवल एण्ड लेजर्स की ओर से बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन अवार्ड। वर्ष 2023- आउटलुक ट्रेवलर अवार्ड समारोह-बेस्ट डेस्टिनेशन वेडिंग अवार्ड शामिल है।

### गायत्री राठौड़ को मिला नारी शक्ति सम्मान



ग्रेटर नोएडा में साउथ एशिया ट्रेवल एण्ड टूरिज्म (साटे) इंडियन ट्रेवल मार्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को आयोजित समारोह में राजस्थान पर्यटन विभाग कि प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ को नारी शक्ति सम्मान से नवाजा गया। उन्हें यह अवार्ड राजस्थान पर्यटन को वैश्विक स्तर पर पुनः परिभाषित करने के लिए प्रदान किया गया। गायत्री राठौड़ के लिए यह अवार्ड राजस्थान पर्यटन विभाग, नई दिल्ली में पदस्थ उपनिदेशक डॉ. दीपाली ने ग्रहण किया। साउथ एशिया ट्रेवल एण्ड टूरिज्म ( साटे) 22 फरवरी को शुरू हुआ था जो कि 24 फरवरी तक चलेगा। साटे का यह 31वां संस्करण है। अवार्ड का यह छठां एडिशन है। इस ट्रेवल मार्ट में 50 से अधिक देशों के बायर्स, 1400 से अधिक एग्जिबिटर्स व 1000 से अधिक अति महत्वपूर्ण प्रतिनिधि इसमें भाग ले रहे हैं।

## जरूरी खबर

### अधिनियम में संशोधन कराने का दिया आश्वासन



**जयपुर।** सांसद बोहरा ने जयपुर गारमेंट क्लब की टीम को आश्वासन दिया है कि एमएसएमई आयकर अधिनियम धारा 43B(H) में संशोधन के तहत जो समय पर भुगतान करने का नया नियम लागू किया जा रहा है, उसमें संशोधन के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से बात करेंगे। जयपुर गारमेंट क्लब के मीडिया प्रभारी मोहित टेलर ने बताया कि एमएसएमई के मुताबिक अगर इस साल 31 मार्च तक वे खरीदारी का भुगतान नहीं करते हैं तो खरीदारी की रकम उनकी आय मानी जाएगी और उन्हें 30 प्रतिशत तक का टैक्स देना पड़ सकता है। उन्होंने मांग की कि गारमेंट टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़े एमएसएमई भुगतान नियम में 45 दिन की जगह 90-120 दिनों की मोहलत चाहते और इस अधिनियम को 1 वर्ष आगे बढ़ाया जाए साथ ही छोटे और बड़े बिजनेसमैन को जोड़ा जाए। जयपुर गारमेंट क्लब के अध्यक्ष दीपक जैन ने मांग की कि इस वित्तीय वर्ष के लिए इस प्रावधान पर रोक लगा दी जाए ताकि व्यापार सुगमता से हो सके।

### खाटूश्यामजी के लिए 2 मार्च से स्पेशल ट्रेन

**जयपुर।** रेलवे की ओर से खाटू श्याम जी जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार 09637, रेवाडी-रींगस स्पेशल ट्रेन 2,3,6,8,9,10, 23,24,25,29,30 व 31 मार्च को (12 ट्रिप) रेवाड़ी से 11:40 बजे रवाना होकर दोपहर 2:40 बजे रींगस पहुंचेगी। वापसी में यह 09638, रींगस-रेवाड़ी ट्रेन रींगस से दोपहर 3:00 बजे रवाना होकर शाम 6:20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**पीएम मोदी 26 को करेंगे जयपुर मंडल के 6 अमृत भारत स्टेशनों का शिलान्यास-लोकार्पण**

# 192 करोड़ रुपए से बदलेगी सांगानेर रेलवे स्टेशन की सूरत

बेधड़क | जयपुर

केंद्र की अमृत भारत स्टेशन योजना में चुने गए सांगानेर स्टेशन को विकसित करने के लिए रेलवे जोर शोर से जुट गया है। इस परियोजना को अमलीजामा पहनाने के लिए सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है। करीब 192.40 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे सांगानेर स्टेशन सूरत बदलेगा। स्टेशन पर 2 नए प्लेटफॉर्म भी तैयार होंगे। इन्हें मिलाकर अब स्टेशन 5 प्लेटफॉर्म हो जाएंगें। साथ ही स्टेशन के मेन और सेकेंड एंट्री को हेरिटेज व मॉर्डन लुक दिया जाएगा। स्टेशन पर जी प्लस 4 बिल्डिंग के साथ रूफ प्लाजा बनेगा।



पूरे स्टेशन पर कॉमर्शियल स्पेस तैयार होगा। यही नहीं करीब 24 मीटर का कॉनकोर्स (एफओबी) बनाया जाएगा। जिसका फायदा सांगानेर के कारोबारियों को मिलेगा। परियोजना को 2025-26 में पूरा कर लिया जाएगा।

### 50 स्टेशनों पर होगा कार्यक्रम का प्रसारण

जयपुर मंडल स्तर पर डीआरएम विकास पुरवार व सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण की ओर से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें एडीआरएम मनीष कुमार गोयल और संजीव दीक्षित, सीनियर डीसीएम कृष्ण कुमार मीना सहित मंडल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि 50 स्टेशनों पर इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्व में 15 स्टेशनों का चयन किया गया था।

### ये होंगी सुविधाएं

रेलवे ने इस योजना में मास्टर प्लान के तहत इन रेलवे स्टेशनों को विकसित करना तय किया है। योजना के अंतर्गत स्टेशनों पर 12 मीटर चौड़ाई के फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट एवं एस्केलेटर लगेंगे। यह पहली बार है कि इतनी चौड़ाई का ओवर ब्रिज बन रहा है। साथ ही स्टेशन लैडस्केप के साथ सर्कुलेटिंग एरिया का विकास, अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार, टू-व्हीलर, फोर-व्हीलर और ऑटो रिक्शा के लिए अलग-अलग पार्किंग, यात्री क्षमता के अनुसार पर्याप्त क्षेत्र में प्रवेश हॉल का निर्माण, कोच इंडिकेशन बोर्ड का प्रावधान, मोर्डेन सुविधा युक्त वेटिंग रूम,स्टेशन बिल्डिंग के आंतरिक व बाहरी भाग में उत्कर्ष सजा-सज्जा, स्थानीय लोक कला से निर्माण, नए प्लेटफार्म शेल्टर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, बेहतर साइनेज की सुविधा, यात्री सुविधाओं को विकसित किया जाएगा।

### इतने करोड़ के होंगे विकास कार्य

| | |
|---|---|
| सांगानेर स्टेशन - | 192 करोड |
| दौसा स्टेशन- | 15.17 करोड |
| राजगढ़ स्टेशन- | 13.09 करोड |
| खैरथल स्टेशन- | 12.78 करोड |
| नीम का थाना स्टेशन- | 16.15 करोड |
| फतेहपुर शेखावाटी स्टेशन- | 15.57 करोड |

### इसलिए सांगानेर का विकास

सांगानेर क्षेत्र कपड़ा मुद्रण, हस्तनिर्मित कागज उद्योग और जैन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। सांगानेर रेलवे स्टेशन सवाई माधोपुर-जयपुर खंड पर स्थित है। सांगानेर स्टेशन मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का विधान सभा क्षेत्र है। जयपुर शहर एमपी रामचरण बोहरा भी इस स्टेशन को विकसित करने के लिए लंबें समय से प्रयासरत है।

**एक को भीड़ ने पकड़कर पीटा, दूसरा नाकाबंदी में पकड़ा गया**

# दिनदहाड़े बैंक लूटने घुस गए दो बदमाश, कैशियर को मारी गोली

**झोटवाड़ा इलाके में पंजाब नेशनल बैंक में हुआ लूट का प्रयास**

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में शुक्रवार सुबह झोटवाड़ा इलाके में लूट की नीयत से पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में घुसे दो नकाबपोश बदमाशों ने कैशियर को गोली मार दी। वारदात के बाद दोनों लुटेरे बैंक से भाग निकले। बैंक में फायरिंग की आवाज के बाद भागते हुए लुटेरों में से एक को भीड़ ने दबोच लिया। उधर, मामले की सूचना मिलते ही झोटवाड़ा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल कैशियर को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर शहर में 'ए' श्रेणी की नाकाबंदी करवा दी है, जिसमें दूसरा आरोपी भी पकड़ा गया।




फोटो: पंकज शर्मा

### बैंक खुलने के साथ ही घुस गए नकाबपोश

पुलिस ने बताया कि झोटवाड़ा इलाके में जोशी मार्ग पर पंजाब नेशनल बैंक में यह वारदात हुई है। इस दौरान सुबह 10 बजे बैंक का खुलते ही कुछ नकाबपोश बदमाश बैंक के अंदर घुसे। जहां उन्होंने बैंक लूटने का प्रयास किया। बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर कर्मचारियों को डराया। इस बीच बैंक कर्मचारियों ने इसका विरोध किया तो, उन्होंने नरेंद्र सिंह शेखावत को गोली मार दी। गोली लगते ही नरेंद्र लहूलुहान होकर फर्श पर गिर पड़ा। इस घटना से बैंक के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

### दोनों आरोपियों की पहचान

बैंक लूटने वाले दो आरोपियों में एक को लोगों ने पकड़ लिया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं डॉग स्क्वॉयड की मदद से पुलिस ने भागने वाले दूसरे आरोपी को भी दबोच लिया। दोनों की पहचान हो चुकी है।





फोटो: राजेश कुमावत



### गोली चलने से लोगों में दहशत

पंजाब नेशनल बैंक में नकाबपोश बदमाशों ने घुसने के बाद बैंक लूटने का प्रयास किया। इस दौरान विरोध करने पर बदमाशों ने कैशियर पर फायर कर दिया। गोली चलने की आवाज से बैंक के आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। कर्मचारियों को गोली मारने के बाद बदमाश बैंक से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि लोगों ने इनमें से एक बदमाश को पकड़ लिया है। उधर, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और कैशियर को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस बैंक के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की जानकारी लेने का प्रयास किया। उधर, पुलिस ने राजधानी में 'ए' श्रेणी की नाकाबंदी भी करवा दी है।

### सृष्टि जैन ने संभाला तीर्थराज का कार्यभार



***जयपुर।*** *पुष्कर की नवनियुक्त तहसीलदार सृष्टि जैन ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया। सृष्टि जैन को जयपुर आरटीडीसी विभाग से पुष्कर तहसीलदार पद पर नियुक्ति दी गई है। वे शुक्रवार को सुबह पुष्कर तहसील कार्यालय पर पहुंचीं, जहां नायब तहसीलदार नीलम राठौड़ के नेतृत्व में तहसील प्रशासन ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद तहसीलदार सृष्टि जैन ने आमजन की सेवा करने को पहली प्राथमिकता बताया। उन्होंने ब्रह्मा मंदिर में दर्शन किए और पुष्कर सरोवर में आरती की। इस दौरान उन्होंने तीर्थ में नवाचार करने का प्रयास करने की भी बात कही।*

**मृतक के परिजनों से मिले MLA शर्मा**

## गलत ब्लड चढ़ाने के लिए जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई हो



बेधड़क | जयपुर

सवाई मानसिंह अस्पताल में गलत ब्लड चढ़ाए जाने से हुई सचिन की मौत के मामले में सिविल लाइंस विधायक डॉ. गोपाल शर्मा ने गहरा दुख प्रकट किया। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की। इस दौरान उन्होंने सचिन को न्याय दिलाने के लिए अस्पताल के बाहर बैठे लोगों से बातचीत कर घटना की जानकारी ली। शर्मा के साथ धरना स्थल पर हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य भी पहुंचे। उच्च अधिकारियों से बातचीत कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए। विधायक शर्मा ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर मृतक के प्रति अपनी संवेदनाओं को व्यक्त किया। विधायक शर्मा और बालमुकुंद आचार्य दोनों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा और सरकारी नौकरी दिलवाने का भी आश्वासन दिया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करवाने की भी बात कही।

**हेरिटेज महापौर और आयुक्त ने की साप्ताहिक श्रमदान की शुरुआत**

# हर सप्ताह एक वार्ड के पार्क, कॉलोनी और बाजार में की जाएगी सफाई

बेधड़क | जयपुर

स्थानीय नागरिकों की स्वच्छता को लेकर भागीदारी बढ़ाने के लिए अब हर सप्ताह एक वार्ड के पार्क, कॉलोनी, पर्यटन स्थल, बाजार में श्रमदान किया जाएगा।

नगर निगम जयपुर हेरिटेज नगर की महापौर मुनेश गुर्जर एवं नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक चित्रकूट पार्क आदर्श नगर में साप्ताहिक श्रमदान कार्यक्रम की शुरूआत की। साप्ताहिक श्रमदान के दौरान महापौर और आयुक्त के साथ स्थानीय पार्षद, चित्रकूट पार्क समिति के पदाधिकारी और निगम के कर्मचारियों ने सफाई श्रमदान कार्य शुरू किया।



### 10 कर्मचारियों को सर्वश्रेष्ठ कर्मी सम्मान से नवाजा

नगर निगम हेरिटेज में फरवरी माह के तृतीय सप्ताह के लिए 10 श्रेष्ठ कर्मचारियों को सप्ताह के श्रेष्ठ कर्मचारियों के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आयुक्त अभिषेक सुराणा ने कहा कि यह सम्मान दिया गया है ताकि कर्मचारयों का कार्य के प्रति लगाव बना रहे और मनोबल बढ़े। सम्मानित होने वालों में ओमप्रकाश सारवान स्वास्थ्य निरीक्षक द्वितीय, कमलचंद स्वास्थ्य निरीक्षक सीवर, गुड्डी सफाई कर्मचारी, अनिता सफाई कर्मचारी, योगेश डंगोरिया सफाई कर्मचारी रात्रिकालीन, विजय थामेथिया कार्यवाहक जमादार, शंकर लाल गुर्जर गैराज कन्ट्रोल टाइम कीपर, अब्दुल रजाक जेसीबी वाहन चालक, रामचरण गुर्जर डम्पर वाहन चालक, दिनेश शर्मा मिनी ट्रक वाहन चालक शामिल हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त करतार सिंह, रौनक बैरागी आदि उपस्थित थे।

### डस्टबिन और नई बैंच लगाने के निर्देश

मुनेश गुर्जर ने अधिकारियों को बाजारों में डस्टबिन रखवाने, पौधे व फुलवारी लगाने व कबाड़ हो चुकी लोहे की बैंचों को हटवाकर उसकी जगह दूसरी बैंच लगवाने व अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए निर्देश प्रदान किए। महापौर ने बताया कि साप्ताहिक श्रमदान की शुरुआत एनजीओ, मोहल्ला समितियों एवं आम जनता की सफाई कार्य में भागीदारी बढ़ाकर शहर को साफ सुथरा रखने की मंशा से की गई है।

### अभियान के शुभारंभ पर ये रहे मौजूद

इस दौरान पार्षद नीरज अग्रवाल, घनश्याम चंदलानी, श्याम सुन्दर सैनी, किशोर मोत्यानी, सुनील दत्ता व हैरिटेज निगम आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा, संयुक्त निदेशक श्री मोती लाल वर्मा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सोनिया अग्रवाल, जिला परियोजना अधिकारी श्री अमित शर्मा, सीफार संस्था की कार्यकत्ता महिलायें, चित्रकूट पार्क समिति के अध्यक्ष नंद किशोर अग्रवाल आदि मौजूद रहें।

## जरूरी खबर

### EWS आरक्षण में सरलीकरण की मांग पर धरना



**जोधपुर।** ईडब्ल्यूएस आरक्षण में सरलीकरण की मांग को लेकर संघर्ष समिति की ओर से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के बाहर धरना दिया गया। समिति की ओर से 6 सूत्रीय मांग-पत्र बनाया गया है। इसमें कृषक वर्ग की जमीन मकान की शर्त को हटाए जाने, राजस्थान सरकार की तर्ज पर अधिकतम आयु सीमा एवं प्रयास में 5 साल की छूट देने, महिला वर्ग के पिता या पति दोनों में से एक ही आय का स्रोत मानने, ईडब्ल्यूएस आरक्षण को पंचायती और शहरी निकायों में लागू करने व अन्य आरक्षित वर्ग की तरह ही नवोदय और सैनिक स्कूलों में छूट देने और इस आरक्षण को 20 फीसदी करने की मांग भी उठाई गई है।

### मासूम से रेप के आरोपी को अंतिम सांस तक जेल

**अजमेर।** पांच साल की मासूम बच्ची से रेप के आरोपी पड़ोसी को अजमेर की पॉक्सो कोर्ट ने शुक्रवार को अंतिम सांस तक की सजा सुनाई। जज ने आरोपी पर 70 हजार का जुर्माना भी लगाया। आरोपी ने घर के बाहर खेल रही बच्ची को टॉफी दिलाने के बहाने पहाड़ी पर ले जाकर रेप किया था। जज ने मामले में टिप्पणी करते हुए लिखा कि इस घटना के बाद कोई भी पड़ोसी अपने पड़ोसी पर विश्वास नहीं करेगा। गत 1 जून को श्रीनगर थाने में पीड़ित मां की ओर से 25 वर्षीय आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद बच्ची चौराहे पर परिजनों को मिली थी।

### सवा तीन करोड़ का दो हजार किलो डोडा-चूरा पकड़ा



**कोटा।** जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो मिनी ट्रकों से 2 हजार 170 किलोग्राम डोडा-चूरा बरामद किया है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 3.25 करोड़ बताई गई है। कार्रवाई के दौरान तस्कर मौका देखकर फरार हो गए। सिटी एसपी अमृता दुहन ने बताया कि आरकेपुरम थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान रावतभाटा की तरफ से दो मिनी आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। दोनों ट्रक से डोडा चुरा से भरे 117 कट्टे बरामद किए।

**मदद की लगाते रहे गुहार... सूचना के बाद पहुंचे एनडीआरएफ और सिविल डिफेंस के जवानों ने बचाई जान**

# गहरी खाई के बीच ट्रॉली अटकी, श्रद्धालुओं की फूली सांसें

बेधड़क | अजमेर



पुष्कर के सावित्री माता रोप-वे के बीच उस समय चीख-पुकार मच गई जब गहरी खाई के ऊंपर से गुजरती ट्रॉली बीच में ही अटक गई। इसके चलते उसमें सवार श्रद्धालुओं की सांसे फूल गई।

डर के मारे उनकी जान पर बन आई और वे मदद के लिए गुहार लगाने लगे। इसी बीच सूचना पाकर जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित, अजमेर उपखंड अधिकारी और सिविल डिफेंस की उप नियंत्रक शिवानी खांडल, प्रशिक्षु आइएएस श्रद्धा गोमे, नायब तहसीलदार नीलम राठौर सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। जल्द ही एनडीआरएफ की स्पेशल रेस्क्यु टीम को भी बुलाया गया। सीआई राकेश यादव जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन, एनडीआरएफ, पुलिस और सिविल डिफेंस ने बिना समय गवाएं संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया। पहले ट्रॉली के नीचे बड़ा जाल लगाया गया, जिससे कि श्रद्धालुओं को गिरने की स्थिति में नुकसान न हो। उसके बाद दोनों श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार देकर हेलमेट पहनाया गया और लकड़ी की कुर्सी से सेफ्टी बेल्ट की मदद से धीरे-धीरे नीचे उतारा गया। दोनों श्रद्धालुओं के सकुशल नीचे आने के बाद प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ और सिविल डिफेंस ने राहत की सांस ली।

#### आपात स्थिति में रेस्क्यू ऑपरेशन का मॉकड्रिल

वास्तव में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई थी, बल्कि घटना होने पर किस तरह बचाव अभियान चलाया जाए, इसका मॉकड्रिल किया गया था। अजमेर उपखंड अधिकारी और सिविल डिफेंस की उप नियंत्रक शिवाक्षी खांडल ने बताया कि तकनीकी खराबी या खराब मौसम से यदि कभी ऐसा हो जाए तो किस तरह श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचाया जा सके। इसके लिए राज्य सरकार के निर्देशानुसार हर छह महीने में ऐसा मॉक ड्रिल किया जाता है, जिससे इस तरह की घटना हो ही नहीं और दुर्भाग्यवश हो जाए तो लोगों की जान बचाई जा सके।

#### विभाग की व्यवस्थाएं जांची गई

एनडीआरएफ के राजस्थान प्रभारी योगेश कुमार मीणा ने बताया कि प्रशासन, एनडीआरएफ और दूसरी एजेंसियों का संयुक्त मॉक ड्रिल था। इसमें यह जांचा गया कि ऐसी घटना की स्थिति में किस तरह का सामंजस्य होना चाहिए। किस विभाग के पास क्या संसाधन है और कितनी ट्रेंनिंग है। मीणा ने बताया कि मॉकड्रिल में बिना समय गवाएं सफलतापूर्वक ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। मीणा ने बताया कि मॉकड्रिल का उद्देश्य होता है कि इस तरह की घटना हो ही न और हो तो कम से कम हो और हो जाए तो किसी को कोई नुकसान न हो। मॉकड्रिल में दौरान सिविल डिफेंस के प्रभारी प्रशांत झा, पुष्कर प्रभारी किशनगोपाल चौधरी, पुष्कर के राजकीय अस्पताल से मनोज वैष्णव, नगर पालिका से लोकेन्द्र सिंह अपनी टीम सहित शामिल हुए। वहीं एंबूलेंस और अग्निशमन वाहन और उनके चालक सहित बचाव दल के सभी कर्मचारी भी शामिल हुए।

**पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के शिल्पग्राम में 'ऋतु वसंत उत्सव' प्रारंभ**

# रोंकिनी के सुरों और आरती के कथक नृत्य ने बांधा समां

बेधड़क | उदयपुर

■ शास्त्रीय संगीत के सुरों से सराबोर हुआ माहौल



शिल्पग्राम में वसंत की भीनी-भीनी बयार के बीच जब प्रसिद्ध शास्त्रीय और पार्श्व गायिका रोंकिनी गुप्ता की रेशमी आवाज में विलंबित ख्याल की स्वरलहरियां फिजा में घुलीं तो जहां समूचा शिल्पग्राम क्लासिकल के सागर में गोते लगाने लगा, वहीं इसमें प्रयुक्त राग बागेश्वरी भी मानो रोंकिनी से सधे सुरों में निबद्ध होकर खुद को धन्य मान रही थी।

मौका था शुक्रवार को पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से शिल्पग्राम में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय "ऋतु वसंत उत्सव" के पहले दिन की क्लासिकल प्रस्तुतियों का। केंद्र का यह शास्त्रीय संगीत व नृत्य को समर्पित प्रोग्राम साल 2016 से निरंतर नई ऊंचाइयां छू रहा है और इसमें देश के कई प्रसिद्ध कलाकार मेवाड़ के कलाप्रेमियों के रू-ब-रू हो चुके हैं। बहरहाल, रोंकिनी गुप्ता ने विलंबित एकताल में बड़ा ख्याल की 'नीके लागे तोरे नैन' की बंदिश पेश की तो तमाम कला प्रेमी सुरों में जैसे खो से गए। इसके बाद मध्य लय की बंदिश 'धीर कैसे धरूं सजनी...' की पेशकश पर क्लासिकल के जानकारों का हृदय झंकृत कर दिया, तो द्रुत लय एकताल में 'अचर ना धरो मुरारी...' और राग हंसध्वनि में रूपक में 'तराना' की प्रस्तति से समां बांध दिया।

संगीतकार एआर रहमान की फेवरिट क्लासिकल सिंगर रोंकिनी ने 'मोरी पैजनिया...' की द्रुत बंदिश तीन ताल में पेश कर खूब तालियां बटोरी। ज्यों-ज्यों शाम ढलने लगी, रोंकिनी की लयकारी और सुरों की जादूगरी के साथ ही तबले की उम्दा संगत ने अपनी रोशनी बिखेर शिल्पग्राम प्रांगण को शुद्ध भारतीय संगीत से जगमग रखा। जब उन्होंने राग सोहनी में 'डारूंगी-डारूंगी तोहपे रंग सांवरिया...' और तीन ताल में 'रंग ना डारो श्याम जी...' पेश किया तो श्रोता वाह-वाह कर उठे। उनके साथ तबले पर दीपक मराठे और हारमोनियम पर आशीष रागवानी ने संगत की।



#### डॉ. आरती ने कथक के तीन काल किए जीवंत...फिर वसंत

इस शास्त्रीय सांझ में कथक ने क्लासिकल के अनूठे रंग भर दिए जब प्रसिद्ध नृत्यांगना डॉ.आरती सिंह ने अपनी टीम के साथ कथक के बदलते और निरंतर निखरते रूप को पेश किया। उन्होंने भक्तिकाल, मुगलकाल और आधुनिक काल में कथक के विभिन्न रूपों की बहुत ही बारीकी से प्रस्तुति दी। इसके बाद उन्होंने खूबसूरत लयकारी और ताल में बसंत ऋतु को बहुत ही उम्दा तरीके से उकेरा। उषा शर्मा, तेजस्विता नंदिनी शाह, राशि कौर, पारूल कुंभालकर, प्रेरणा देवांगन, चिरंजीवी हल्दर और नरेंद्र छत्री ने उनका साथ दिया।




#### आज के आकर्षण

वायलिन-संतूर की जुगलबंदी और शास्त्रीय गायन पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि 'ऋतु वसंत उत्सव' में शनिवार को दूसरे दिन पं. राजकुमार मजूमदार, उस्ताद असगर हुसैन और उस्ताद अख्तर हसन की वायलिन एवं संतूर की खूबसूरत जुगलबंदी और जयपुर के शास्त्रीय गायक सौरभ वशिष्ठ की गायकी खास आकर्षण रहेगी।

**सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल का शुभारंभ**

## ठुमरी और सूफी गायन से सुरों की फैली मिठास



बेधड़क | जोधपुर

मेहरानगढ़ के जसवंत थडा पर शुक्रवार सुबह शंकर ब्रदर्स के शहनाई वादन से सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल का आगाज हुआ। वहीं शाम को 7.30 बजे देश की जानी मानी ठुमरी गायिका शुभा मुद्गल की प्रस्तुतियों ने माहौल को सुरों से सजा दिया।

करीब दो घंटे तक श्रोता उनके रात अलाप का आनंद उठाते रहे। उनके गायन ने श्रोताओं को बांधे रखा। उसके बाद देर रात लंगा गायकों ने महफिल में सद्भावना के रंग भरे। इस फेस्टिवल में पहली बार फड़ वाचन किया गया जो कि आकर्षण का केंद्र रहा। फेस्टिल के कलाकारों को सुनने के लिए देश-विदेश के बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी जोधपुर पहुंचे हैं।

रात को सेनेगल के कलाकारों का फ्यूजन सुनने को मिला। इससे पहले पूरे दिन पूरे मेहरानगढ़ में अलग-अलग जगह पर देसी-विदेशी कलाकारों ने संगीत की प्रस्तुतियां दी। शाम को पिता पुत्र विशेष सेगमेंट में विख्यात बांसुरी वादक पंडित राजेंद्र प्रसन्ना ने अपने पुत्रों राजेश, ऋषभ और रितेश के साथ बांसूरी पर ऐसे सुर छेड़े कि श्रोता मदमस्त हो गए। इस दौरान पंडितजी ने बांसुरी वादन की कई विद्याओं के साथ रागों का प्रदर्शन किया। इसके अलावा कीर्गिस्तान के गायकों ने पहाड़ी संगीत की स्वर लहरियां बिखेरी। फेस्टिवल का समापन रविवार को होगा।

#### लोक देवताओं के यशोगान की विद्या का प्रदर्शन

फेस्टिवल में पहली बार ठेठ राजस्थानी में लोक देवताओं के यशोगान की फड़ गायन विद्या को यहां प्रदर्शित किया गया। इसमें गायों की रक्षा करने वाले लोक देवता पाबूजी की फड़ बांची गई। नारायण नाम के कलाकार ने इसे प्रस्तुत किया। इस विद्या में एक चित्रों से भरे पर्दे को दिवार पर टांगा जाता है। उस पर्दे पर लोक देवता की समस्त जीवनी चित्रित होती है। इसे गायन के माध्यम से अलग-अलग पद से प्रस्तुत किया जाता है। इसका चलन मारवाड में अभी है। गांवों में ऐसे आयोजन में लोग श्रद्धापूर्वक शामिल होते हैं।

**कौमी एकता सम्मेलन में बोले वक्ता...**

## देश की तरक्की के लिए अहिंसा व सद्भाव जरूरी

**सीकर।** शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ, जिला प्रशासन और महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति, सीकर की ओर से एक दिवसीय अहिंसा एवं कौमी एकता सम्मेलन शुक्रवार को श्रीकल्याण गवर्नमेंट स्कूल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को गांधीजी के विचारों की प्रासंगिकता के बारे में बताया गया। सम्मेलन में संभागीय आयुक्त डॉ. मोहन लाल यादव ने कहा कि हमें आपसी द्वेष और हिंसा की भावना खत्म करने के लिए गांधीजी के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। यादव ने कहा कि अहिंसा के सिद्धांतों को अपना कर हम विवादों को स्थानीय स्तर पर निस्तारित कर सकते हैं। डॉ. हेमंत शर्मा ने अहिंसा पर विभिन्न धर्मों के विचारों पर बात करते हुए कहा कि देश की तरक्की के लिए अहिंसा और सद्भाव आवश्यक है।

**स्थानीय वकीलों में रोष**

## जमीन विवाद में वकील की पीट-पीटकर हत्या

बेधड़क | भीलवाड़ा


जिले में तख्तपुरा के पास गुरुवार देर रात बाप-बेटे समेत 10 लोगों ने एक वकील के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। इससे गंभीर घायल वकील ने शुक्रवार को अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौत से पहले वकील ने एक वीडियो भी बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उधर, घटना के बाद से स्थानीय वकीलों में रोष है।

जानकारी के अनुसार एडवोकेट मोहन अहीर (40) गुरुवार रात को ओजियाड़ा से एक शादी समारोह में शामिल होकर अपनी कार से तख्तपुरा गांव की तरफ लोट रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर में सवार होकर आए करीब 10 से ज्यादा लोगों ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर हाईवे पर रुक गई तो बदमाशों ने उन्हें कार से बाहर निकाला। हाईवे पर ही उनके साथ लाठी-डंडे और सरिए से मारपीट कर हाथ-पैर तोड़ डाले और डस्टर गाड़ी में डालकर पास के जंगल में ले गए। बदमाशों ने यहां भी एडवोकेट के साथ मारपीट की और इसके बाद वहीं छोड़ फरार हो गए। इस बीच कुछ लोग वहां से निकले तो उनकी नजर मोहन पर पड़ी। उनको लहूलुहान हालत में करहाते देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर मामले का खुलासा करने में जुटी है।

**गर्दन अलग होने तक करता रहा वार**

# जल्लाद बना बेटा... कुल्हाड़ी से पिता की गर्दन काटी

बेधड़क | पाली





मृतक

जिले में एक कलयुगी बेटे ने अपने जन्मदाता को ही बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। पिता की ओर से शराब छोड़ने की नसीहत देना बेटे को इतना नागवार गुजरा की उसने कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर पिता की हत्या कर दी।

शराब के नशे में धुत्त जल्लाद बना बेटा पिता की गर्दन धड़ से अलग होने तक उस पर वार करता रहा। पिता की हत्या के बाद वह चिल्लाता हुए परिवार के अन्य सदस्यों की तरफ भी मारने के लिए दौड़ा, लेकिन उन्होंने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। आरोपी गांव तक उनके पीछे-पीछे भागा और चिल्लाते हुए कहता रहा- मैंने पिता को मार दिया, पुलिस बुलाओ। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार घटना पाली जिले के गिरादड़ा गांव की है। बुधवार देर शाम को 32 साल के ताराराम बावरी ने शराब के नशे में चूराराम (65) साल की हत्या कर दी। पिता ने शराब छोड़ने के लिए कहा तो आरोपी ने कुल्हाड़ी से उन पर हमला कर दिया। गर्दन और सीने पर लगातार छह-सात वार करने के बाद चूराराम की गर्दन कटकर लटक गई। इसके बाद आरोपी मां, छोटे भाई की पत्नी और उसके बच्चों की तरफ भी कुल्हाड़ी लेकर दौड़ा, लेकिन उससे बचने के लिए वे गांव की ओर भाग गए।

#### शराब का आदी है हत्या का आरोपी

पिता की मौत के घाट उतारने वाला ताराराम बावरी शराब पीने का आदी है। दिन रात वह शराब के नशे में रहता है और कोई काम भी नहीं करता। इससे परेशान होकर उसकी पत्नी ने उसे छोड़ दिया और अपने पीहर चली गई। वारदात से पहले आरोपी ताराराम शराब के नशे में धुत था। उसके घर आने पर चूराराम ने उसे फटकारा और शराब छोड़ने की बात कही। पिता चूराराम ने कहा कि रोज-रोज शराब पीता है, कब तक मैं तुझे पालता रहूंगा। अब अगर, नहीं सुधरा तो तुझे घर से निकाल दूंगा। इसके बाद पर आरोपी बेटा भड़क गया और कुल्हाड़ी उठाकर पिता पर हमला कर दिया।

#### मृतक की पत्नी घाव पर लगाती रही राख

बेटे के हमले से जमीन पर घायल पड़े पति को देख पत्नी ने चूल्हे की राख घाव पर लगाना शुरू कर दिया। उसकी कोशिश थी कि खून बहने से रुक जाएगा तो पति चूराराम को बचा लिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। छोटे भाई की बहू की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसने कलयुगी बेटे को फांसी देने की मांग की है।

### सुबोध महिला महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की शुरुआत

# विशेषज्ञों ने किया रिसर्च और इनोवेशन के उभरते ट्रेंड्स पर मंथन

**बेधड़क** | जयपुर

रामबाग चौराहा स्थित एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय में देश-विदेश के विशेषज्ञों ने रिसर्च और इनोवेशन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

मौका था कॉलेज में शुक्रवार को शुरू हुई दो दिवसीय इन्टरनेशनल मल्टीडिसिप्लिनिरी कॉन्फ्रेंस 'इमरजिंग ट्रेंड्स एंड परसपेक्टिव इन रिसर्च एंड इनोवेशन' का। पहले दिन उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि कुलपति हरिदेव जोशी यूनिवर्सिटी ऑफ़ जर्नलिज्म एण्ड मास कम्यूनिकेशन प्रो. सुधी राजीव थीं।

साथ ही एसोसिएट प्रोफेसर एण्ड एक्टिंग रिजनल डायरेक्टर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्यूनिकेशन डॉ. दिलीप कुमार, भूतपूर्व कुलपति रांची विश्वविद्यालय झारखंड प्रो. एके सिन्हा, वरिष्ठ वैज्ञानिक बार्क मुंबई डॉ. मृणाल राजेश पाई, कैंसर इंस्टिट्यूट बफैलो




न्यूयॉर्क से प्रो. रविंद्र पाण्डेय, डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स एसआरसीसी, नई दिल्ली से प्रो. अनिल कुमार आदि भी शामिल हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के संयोजक वीसी डागा ने इस तरह के आयोजनों को प्रबुद्ध वर्ग में नवप्रवर्तन के सृजन का माध्यम बताया। कॉन्फ्रेंस की चेयरपर्सन एवं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रेणु जोशी ने आगन्तुक सभी वक्ताओं की उनके उत्कृष्ट शोधपत्र प्रस्तुतीकरण के लिए सराहना की एवं समस्त प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया।

संयोजिका डॉ. इंदु शर्मा, सह संयोजिका डॉ. स्वाति जैन एवं डॉ. रुचिका शर्मा ने सभी आगंतुको का स्वागत कर प्रथम दिवस की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

### 55 प्रतिभागियों ने प्रस्तुत किए शोध पत्र

कॉन्फ्रेंस के पहले दिन आयोजित हुए दो सत्रों में प्रथम सत्र में वाणिज्य एवं प्रबंध से संबंधित अन्तर्विषयक दृष्टिकोणों पर परिचर्चा की गई जिसमें लगभग 25 प्रतिभागियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। प्रथम तकनीकी सत्र में पूर्व डीन जेईसीआरसी प्रो. एनडी माथुर एवं डिपार्टमेंट ऑफ लॉ से प्रो. अनिल मेहता ने अध्यक्षता की एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. विवेक सिंह तोमर व सीए अंकुर कुमार गुप्ता रहे। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता प्रो.नीलिमा गुप्ता एवं प्रो. महेश शर्मा ने की। इस सत्र में मुख्य वक्ता में भूतपूर्व कुलपति एमडीएस यूनिवर्सिटी प्रो. केके शर्मा रहे। साथ ही डॉ. मृणाल पाई, प्रो. एके सिन्हा एवं प्रो. नरेन्द्र भोजक ने भी प्रतिभागियों के साथ चर्चा की। प्रयुक्त विज्ञान एवं पर्यावरण को समर्पित इस सत्र में लगभग 30 प्रतिभागियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इन सत्रों के समानान्तर आईएससीबी द्वारा प्रायोजित पोस्टर सत्र में विभिन्न श्रेणियों में 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस सत्र के निर्णायक मंडल में डॉ. नवीन शर्मा एवं डॉ. केके झांकल रहे।

## Yuva स्टोरीज



### आनंद तरंग में दिखी बच्चों की रंगारंग प्रतिभा

**जयपुर।** रावत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मानसरोवर के वार्षिकोत्सव 'आनंद तरंग' का आयोजन शुक्रवार को निर्मला ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में 600 से अधिक विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का प्रारंभ रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बीएस रावत ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता योगेन्द्र सिंह तंवर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा पार्षद पवन शर्मा नटराज और वरिष्ठ नेता डॉ. अखिल शुक्ला मौजूद रहे। बच्चों ने श्री राम नृत्य, संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी दिए गए। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक हेमेंद्र रावत एवं नरेंद्र सिंह रावत ने अपने उद्बोधन से सभी को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या सुषमा चौहान ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### सहायक नगर नियोजक भर्ती की काउंसलिंग 11 मार्च को




**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक नगर नियोजक (नगर नियोजन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत पात्रता जांच के लिए अस्थाई रूप से सम्मिलित 28 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग का आयोजन 11 मार्च को आयोग कार्यालय में किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को आयोग वेबसाइट से काउंसलिंग लेटर, विस्तृत आवेदन-पत्र, निर्धारित प्रारूप में जारी अनुभव प्रमाण-पत्र मय कार्य विवरण/कार्य आदेश, 50 रुपए के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर जारी निर्धारित शपथ-पत्र एवं आवश्यक दिशा-निर्देश डाउनलोड कर विस्तृत आवेदन-पत्र (दो प्रतियों में) समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर संबंधित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जाति, मूल निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक प्रति में) संलग्न कर मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिनांक व समय पर आवश्यक रूप से उपस्थित होना होगा।



### वन्य जीवों को नजदीक से देख रोमांचित हुए छात्र

**जयपुर।** पैलेस स्कूल के स्टूडेंट्स ने कॉर्बेट-नैनीताल की रोमांचक शैक्षणिक यात्रा की। स्कूल की 11वीं कक्षा के छात्रों के लिए चार दिन का टूर आयोजित किया गया। टूर के दौरान छात्रों को जंगल सफारी का आनंद मिला। जंगल में गाड़ी चलाते उन्होंने जंगलों की लाइफ को करीब से देखा और अलग अलग प्रजाति के जानवरों को देख रोमांचित हुए। वे कोसी नदी के कियारी गांव में एक धारा के पास गए और रोमांचक गतिविधियों में भाग लिया। छात्रों ने नए स्थानों की खोज की और इस अनुभव से स्व-विश्वास बढ़ाया। यह यात्रा छात्रों को प्रकृति की सराहना करने और हमारे वन्यजीव व वनों को संरक्षित रखने की आवश्यकता को समझाने वाली थी। छात्रों के लिए यह एक यादगार अनुभव रहा।

### बच्चों के लिए आयोजित होगी मोटिवेशन कार्यशाला

जयपुर। राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर की ओर से स्कूली बच्चों के भविष्य निर्धारण के लिए मोटिवेशन कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ऊदलसिंह कैंरों ने बताया कि गुरुवार को जिला कार्यकारिणी राजस्थान शिक्षक संघ के पदाधिकारियों की बैठक जिला सभा अध्यक्ष राजवीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कक्षा 8 से 12 तक के स्कूली बच्चों के हितार्थ राजस्थान में पहली बार स्कूली बच्चों के भविष्य निर्धारण के लिए मोटिवेशन कार्यशाला 25 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इसका उद्‌घाटन विधायक सुभाष गर्ग के मुख्य आतिथ्य में एवं प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश की अध्यक्षता में किया जाएगा।



### महावीर कॉलेज में मनाया वार्षिकोत्सव व फेयरवेल

# अवॉर्ड मिले तो छाया उल्लास 'बॉलीवुड ग्लिट्ज' में धमाल

**बेधड़क** | जयपुर

सी-स्कीम स्थित श्री महावीर कॉलेज में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह का आयोजन मस्ती और जोश के साथ किया गया। 'बॉलीवुड ग्लिट्ज' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों ने लाजवाब प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। स्टूडेंट्स की एनर्जी से भरी रंगारंग प्रस्तुतियों का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया।

इस दौरान पूरा कॉलेज परिसर स्टूडेंट्स के जोश और उल्लास से आबाद रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा वर्ष पर्यन्त की गई गतिविधियों के लिए एकेडमिक्स, नॉन एकेडमिक्स, कॉलेज टॉपर्स, मोस्ट रेगुलर स्टूडेंट, आउटस्टैंडिंग परफोर्मेंस जैसे अवॉर्ड्स दिए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमरावमल संघी, मंत्री सुनील बख्शी, कोषाध्यक्ष महेश काला, कॉलेज कन्वीनर सीए प्रमोद पाटनी, उपाध्यक्ष मुकुल कटारिया, संयुक्त मंत्री कमलबाबू जैन, मनीष बेद, मुकेश सोगानी, इंदु जैन, पी सी छाबड़ा, ऋषभ गोदिका एवं शिक्षा परिषद के अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलन कर किया। अध्यक्ष उमरावमल संघी ने अपने अभिभाषण से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया एवं उन्हे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. आशीष गुप्ता ने वर्षभर की कॉलेज की उपलब्धियों के बारे में बताया एवं छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी।

वार्षिकोत्सव के साथ ही साथ विदाई समारोह का आयोजन भी किया गया। इसमें बीकॉम पास कोर्स, बीकॉम ऑनर्स, बीबीए, बीसीए, एमकॉम (ए बी एसटी, एचआरएम, एमकॉम) के अन्तिम सत्र के स्टूडेंट्स को विदाई दी गई। इन सभी विद्यार्थियों को श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी फाउंडेशन की तरफ से प्रो. रमेश अरोड़ा द्वारा लिखित पुस्तक स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई।



### लक्ष्य बने मिस्टर व रिंकी मिस ADIEU

कार्यक्रम में रैम्प वॉक व इंटरेक्शन के आधा पर लक्ष्य रामचंदानी को मिस्टर ADIEU और रिंकी रूपानी को मिस ADIEU चुना गया। फर्स्ट रनरअप देव बिहानी व दीक्षा लालवानी रहे। सेकंड रनर अप भरत वशिष्ठ व सिमरन रामानी रहीं। बेस्ट वॉक का अवॉर्ड मेल के लिए अभिनव जोशी व फीमेल के लिए गरिमा तहलियानी को मिला। बेस्ट पर्सनलिटी मेल जसवंत सिंह और फीमेल तनिषा जोशी चुने गए। बेस्ट ड्रेस मेल का अवॉर्ड असद फारुखी व फीमेल का अवॉर्ड लीपाक्षी वर्मा को दिया गया। अंत में कॉलेज कन्वीनर प्रमोद पाटनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।





# वीजीयू में आज से सजेगा 'जिरह' का मैदान

**बेधड़क** | जयपुर

विवेकानन्द ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आज से देशभर के लॉ स्टूडेंट्स अपनी स्किल्स का प्रदर्शन करेंगे। यूनिवर्सिटी के विधि संकाय की ओर से तीसरी वीजीयू रांका नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता 24 से 26 फरवरी तक यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित की जाएगी। पूर्व न्यायाधीश जेके रांका ने बताया कि देश के कई गणमान्य न्यायाधीश, अधिवक्ता इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और विद्यार्थियों के कानूनी शिक्षा और उनके व्यावहारिक ज्ञान को परखेंगे और उनका मार्गदर्शन करेंगे। विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. ललित के पंवार ने बताया कि वीजीयू ने एक अग्रणी शिक्षा संस्थान के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करते हुए वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2023-24 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को प्रभावी ढंग से लागू किया है। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओंकार बगड़िया ने कहा कि वीजीयू लॉ स्कूल की मूट कोर्ट प्रतियोगिता विधि स्कूल के विद्यार्थी को कानूनी शिक्षा के महत्व पर व्यापक अंतर्दृष्टि प्रदान करेगी। इसमें देश भर की प्रख्यात लॉ संस्थानों के विद्यार्थियों और शिक्षकों को आपसी संवाद और अनुभवों का आदान प्रदान करने का उत्कृष्ट अवसर मिलेगा। साथ ही कानूनी शिक्षा और अधिकारों, न्यायालय कार्यविधि के बारे में अपनी दक्षता और नॉलेज को प्रदर्शित कर सकेंगे।

विधि संकाय की प्रमुख डॉ. शिल्पा राव रस्तोगी ने बताया कि तीसरी वीजीयू रांका नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश दिनेश माहेश्वरी के साथ राजस्थान उच्च न्यायालय पूर्व न्यायाधीश प्रशांत कुमार अग्रवाल, मद्रास उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश नागेन्द्र कुमार जैन, राजस्थान उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद मुख्य अतिथि होंगे। प्रतियोगिता का समापन समारोह 26 फरवरी को होगा जिसमें मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनूप कुमार ढांड और अशोक कुमार जैन होंगे। प्रतियोगिता में देश के जाने माने न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता कानूनी शिक्षा के विशेषज्ञ जज की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में हर साल नियमित आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विधि के विद्यार्थियों को न्यायालय की कार्यवाही से रू-ब-रू कराना है ताकि उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान के साथ कानूनों के विभिन्न पहलुओं की बारीकियों और व्यावहारिक पक्षों का ज्ञान हो।

### शामिल होंगी 35 टीमें

इस प्रतियोगिता में देश भर के सर्वश्रेष्ठ विधि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की करीब 35 टीमें हिस्सा लेंगी जिनमें प्रमुख रूप से सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, नोएडा, यूनिवर्सिटी ऑफ लीगल स्टडीज पंजाब यूनिवर्सिटी, तमिलनाडु नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, राजीव गांधी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी पटियाला, सिम्बायोसिस नोएडा, स्कूल ऑफ लॉ मोदी यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी आदि शामिल हैं।

**जोर-आजमाइश** | **खेतान पॉलीटेक्निक में स्पोर्ट्स वीक**

# स्टूडेंट्स के दमदार खेल में दिखाई दिया जीतने का जुनून

**बेधड़क** | जयपुर

राजकीय रामचंद्र खेतान पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में चल रहे स्पोर्ट्स वीक के तहत शुक्रवार को स्टूरडेंट्स ने अलग अलग खेलों में अपना दम दिखाया। पांचवे दिन प्रतियोगिताओं का उद्घाटन प्राचार्य विनोद जांगिड़ ने किया।

प्राचार्य ने बताया कि खेलकूद सप्ताह के अन्तिम दिन शनिवार को क्रिकेट, कबड्डी (छात्र एवं छात्रा) खो-खो (छात्र एवं छात्रा), बैडमिन्टन एवं शतरंज के फाइनल मुकाबले खेले जायेंगे। साथ ही पुरस्कार वितरण समापन समारोह भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रो कबड्डी बंगाल वॉरियर्स टीम के कोच राजनारायण मुख्य अतिथि होंगे।



महाविद्यालय के स्पोर्ट्स अधिकारी शैलेन्द्र शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को छात्रों के कबड्डी मैच में प्रोडक्शन की टीम ने कम्प्यूटर की टीम को 21-13 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस टीम का मुकाबला फाइनल में शनिवार को इलैक्ट्रॉनिक्स की टीम से होगा। छात्रों के खो-खो मैच में पहला सेमीफाइनल कम्प्यूटर व प्रोडक्शन की टीमों के बीच खेला गया जिसमें कम्प्यूटर की टीम 16-12 से विजयी रही। दूसरा सेमीफाइनल मैच आर्किटेक्चर व इलैक्ट्रॉनिक्स की टीमों के बीच खेला गया जिसमें अन्त में आर्किटेक्चर की टीम ने दो पॉइन्ट से बाजी मार फाइनल में प्रवेश किया।

### पांचवे दिन ये खिलाड़ी छाए

एकल प्रतियोगिताओं में कैरम में छात्र अर्शलन उस्मानी ने विजेता एवं जयेश जांगिड़ ने उप विजेता का खिताब हासिल किया। छात्राओं की बैडमिन्टन की एकल प्रतियोगिता में स्वर्निमा श्रीवास्तव ने विजेता का खिताब एवं सोनम माथुर ने उप विजेता का खिताब हासिल किया। छात्राओं की 100 मीटर दौड़ में द्वितीय वर्ष कम्प्यूटर की छात्रा श्रुती शर्मा विजेता रही। तृतीय तर्ष कम्प्यूटर की छात्रा याशिका चौधरी को रनरअप घोषित किया गया। वहीं, 200 मीटर दौड़ में याशिका चौधरी ने विनर का खिताब एवं श्रुती शर्मा ने रनरअप का खिताब हासिल किया। छात्राओं की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष कम्प्यूटर की छात्रा खुशी स्वामी विनर रही व द्वितीय वर्ष कम्प्यूटर की रिद्धी पांडे रनर अप रही। छात्रों के बीच खेले गए टेबल टेनिस के फाइनल मैच में तृतीय वर्ष कम्प्यूटर के ध्रुव शर्मा विजेता एवं द्वितीय वर्ष यांत्रिकी के छात्र तुषार गुप्ता उप विजेता रहे।


# सदाचार, परहित भावना व सद्व्यवहार के प्रतीक संत रविदास




**अशोक 'प्रवृद्ध'**
स्वतंत्र टिप्पणीकार


संत शिरोमणि कवि रविदास न केवल सच्चे समाज सुधारक, पाखंड विरोधी तथा सदभक्त संत कवि थे, बल्कि उन्होंने ऊँच-नीच की भावना तथा ईश्वर भक्ति के नाम पर किये जाने वाले विवाद को सारहीन तथा निरर्थक बताकर सबको परस्पर मिलजुल कर प्रेमपूर्वक रहने का उपदेश दिया। आदर्श आचरण तथा व्यवहार, विचारों की श्रेष्ठता, समाज के हित की भावना से प्रेरित कार्य तथा सद्व्यवहार जैसे मनुष्योचित गुणों के कारण संत रैदास को तत्कालीन समाज में अत्यधिक सम्मान मिला। उनका वह सम्मान आज भी उन्हें प्राप्त है, और आज भी लोग उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण व नमन करते हैं। मध्यकाल में स्वस्थापित रविदासिया पंथ के माध्यम से जाति- पाति का घोर खंडन कर आत्मज्ञान का मार्ग दिखाने वाले संत रविदास द्वारा रचित और गुरु अर्जुन साहिब द्वारा संपादित चालीस पद (भजन) सिखों के पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल होने के कारण भी वे स्मरणीय, नमनीय और सर्वधर्म सम्मानीय हैं। परंतु ऐसे सर्वधर्म स्वीकार्य मध्यकालीन संत कवि गुरु रविदास (रैदास) के जन्म वर्ष के संबंध में आज भी विद्वानों में मतभेद बना हुआ है। एक मत के अनुसार रविदास का जन्म काशी में माघ पूर्णिमा दिन रविवार को संवत 1377 को हुआ था। लेकिन उनके संबंध में एक प्रचलित दोहे में उनका जन्म विवरण निम्न रूप में प्राप्त होता है- चौदह सौ तैंतीस कि माघ सुदी पन्दरास। दुखियों के कल्याण हित प्रगटे श्री गुरु रविदास।

कुछ विद्वान इनका जन्म 1338 में मानते है। एक अन्य मत के अनुसार रविदास का जन्म सन 1398 में माघ पूर्णिमा को उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर के गोबर्धनपुर गांव में हुआ था। आज के तुक्की लगाने वाले इतिहासकार इनका जन्म 15वीं शताब्दी के आस-पास भारत के वाराणसी में होने की बात स्वीकारते हैं। और उनकी जन्मतिथि लगभग 1450-1470 ईस्वी के मध्य मानते हैं। लेकिन सभी मतों में उनका जन्म माघ पूर्णिमा के दिन होने की बात स्वीकारी गई है, इसलिए रविदास जयंती प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। वर्ष 2024 में रविदास जयंती 24 फरवरी को मनाई जाएगी।



**जयंती पर विशेष**

> *"संत रविदास के भजनों तथा उपदेशों से लोगों को ऐसी शिक्षा मिलती थी जिससे उनकी शंकाओं का सन्तोषजनक समाधान हो जाता था और लोग स्वतः उनके अनुयायी बन जाते थे। उनकी वाणी का इतना व्यापक प्रभाव पड़ा कि समाज के सभी वर्गों के लोग उनके प्रति श्रद्धालु बन गए।"*

संत रविदास के पिता का नाम संतोख (संतोष) दास तथा माता का नाम कलसां (कर्मा) देवी था। उनके दादाजी का नाम कालूराम और दादीजी का नाम लखपति था। रविदास का जन्म रविवार के दिन होने के कारण उनका नाम रविदास रखा गया। उनकी पत्नी का नाम लोना देवी और पुत्र का नाम विजय दास था। रविदास को संत रामानंद का शिष्य और कबीर का गुरुभाई माना जाता है। कबीर द्वारा स्वयं रविदास को संतन में रविदास कहकर मान्यता दी गई है। रैदास ने साधु-सन्तों की संगति से पर्याप्त ज्ञान प्राप्त किया था। राजस्थान की मशहूर कृष्ण भक्त मीराबाई भी उनकी शिष्य बन गई थी। कहा जाता है कि चित्तौड़गढ़ के राणा सांगा की पत्नी झाली रानी भी उनकी शिष्य रह चुकी थी। चित्तौड़गढ़ में संत रविदास की छतरी भी बनी हुई है। कहा जाता है कि मैं चित्तौड़गढ़ में ही वे स्वर्ग रोहन कर गए थे। इसका कोई आधिकारिक विवरण नहीं है, लेकिन ऐसा कहा जाता है कि वाराणसी में 1540 ईस्वी में उन्होंने अपना देह छोड़ दिया था। वाराणसी में संत रविदास का एक भव्य मंदिर और मठ है जहां हर जाति के लोग दर्शन करने जाते हैं। कवि रविदास चंद्रवंशी (चंवर) चर्मकार कुल से वास्ता रखने के कारण जीवन निर्वाह के लिए अपना पैतृक कार्य जूता बनाने का व्यवसाय किया करते थे। उन्हें यह कार्य करके बहुत खुशी होती थी, और वे कार्य का निष्पादन समय से पूरी लगन तथा परिश्रमपूर्वक किया करते थे। उनकी समयानुपालन की प्रवृति तथा मधुर व्यवहार के कारण उनके सम्पर्क में आने वाले लोग उनसे अत्यंत प्रसन्न रहा करते थे। प्रारम्भ से ही रविदास परोपकारी तथा दयालु प्रवृति के व्यक्ति थे और दूसरों की सहायता करना उनका स्वभाव था। साधु-सन्तों की सहायता करने में उनको परम आनन्द की अनुभूति मिलती थी। वे उन्हें प्रायः मूल्य प्राप्त किए बिना ही जूते भेंट कर दिया करते थे। उनके इस स्वभाव के कारण उनके माता-पिता उनसे अप्रसन्न रहते थे। इसलिए कुछ समय बाद उन्होंने रविदास तथा उनकी पत्नी को अपने घर से निकाल दिया। रविदास पड़ोस में ही अपने लिए एक अलग घर बनाकर तत्परता से अपने व्यवसाय का काम करने लगे। शेष समय वह ईश्वर-भजन तथा साधु-सन्तों के सत्संग में व्यतीत किया करते थे। रविदास समय व वचन के पालन के पक्के थे। एक पर्व के अवसर पर गंगा स्नान के लिए जा रहे लोगों ने उन्हें भी चलने का आग्रह किया, तो उन्होंने कहा कि गंगा-स्नान के लिए मैं अवश्य चलता, किन्तु गंगा स्नान के लिए जाने पर मेरा मन तो यहाँ लगा रहेगा तो पुण्य की प्राप्ति मुझे कैसे होगी? मन अन्तःकरण से जिस कार्य के लिए तैयार हो वही काम करना उचित है। मन के सही अर्थात शुद्ध, स्वच्छ होने पर इस कठौते के जल में ही गंगास्नान का पुण्य प्राप्त हो सकता है। मान्यता है कि रविदास के इस प्रकार के व्यवहार से ही मन चंगा तो कठौती में गंगा, जैसी कहावत में प्रचलन में आई।

संत रविदास का जन्म ऐसे समय में हुआ था, जिस समय उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में मुगलों का शासन था। और हर तरफ अत्याचार निर्धनता, भ्रष्टाचार और अशिक्षा का माहौल था। उस समय मुस्लिम शासक ज्यादा से ज्यादा लोगों को मुस्लिम बनाने के प्रयस में लगे रहते थे। रविदास की ख्याति दिनानुदिन बढ़ती ही जा रही थी। इस कारण उनके लाखों भक्त थे। जिसमें हर जाति के लोग शामिल थे।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**संदर्भ: अंग दानदाताओं के लिए की ओडिसा सरकार ने घोषणा**

# राजकीय सम्मान से अंत्येष्टि प्रेरणादायी




**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार


देओडिशा सरकार ने एक अभूतपूर्व पहल करके अंगदाताओं को अभिप्रेरित करने का काम किया है। अब यहां अंगदान को बढ़ावा देने की दृष्टि से अंगदान करने वालों का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने यह घोषणा तमिलनाडु सरकार से प्रेरित होकर की है। तमिलनाडु में यह शुरुआत सितम्बर 2023 में की गई थी। इस सुविधा से परिजन सम्मान और गर्व का अनुभव करेंगे। नतीजतन दुर्घटनाग्रस्त एवं संज्ञाशून्य लोगों के अंगदान से ऐसे लोगों के प्राण बचाए जा सकेंगे, जो एक दुर्लभ अंग मिल जाने से जी उठ सकते हैं। फिलहाल देश में अंगदान करने वालों का औसत प्रति दस लाख में से एक व्यक्ति का है। जबकि अंगों की जरूरत की सूची में प्रत्येक आठवें मिनट में एक व्यक्ति जुड़ रहा है। हालांकि अनुवांशिकी जीव विज्ञानी इस कोशिश में लगे हैं कि मानव या पशु शरीर के भीतर ही पर्याप्त मात्रा में अंगों का उत्पादन शुरू हो जाए।

भारत में मिलावटी खान-पान और सड़क दुर्घटनाओं के चलते लोगों के जीवनदायी अंग खराब हो रहे हैं। गोया, पांच लाख लोगों की मौत अंगों की अनुपलब्धता के चलते प्रति वर्ष हो जाती है। दो लाख यकृत, 50 हजार हृदय और डेढ़ लाख लोग गुर्दा संबंधी बीमारियों से प्रति वर्ष काल के गाल में समा जाते हैं। हालांकि गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए कई लोग अपना गुर्दा दान देने लगे हैं, लेकिन पूरे साल में पांच हजार रोगियों को ही गुर्दा दान में मिल पाता हैं। इनमें 90 फीसदी गुर्दे महिलाओं के होते हैं। भविष्य में महिलाओं को अंगदान न करना पड़े इसके लिए अंगों का कृत्रिम तरीके से उत्सर्जन किया जाना जरूरी है। वैसे किसी स्वस्थ्य व्यक्ति की प्राकृतिक मृत्यु होने पर उसके अंगों से आठ लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। इस स्थिति में व्यक्ति के यकृत, गुर्दे, आंत, अग्नाश्य, आंखें, हृदय और फेफड़ों जैसे अंगों के अलावा त्वचा और हड्डी के ऊतकों का दान आसानी से किया जा सकता है।

> *"महिलाएं अंग प्रत्यारोपण के लिए पुरुषों से बहुत आगे हैं, लेकिन जब उन्हें अंगों की जरूरत पड़ती है तो नहीं मिल पाते हैं। यह भी देखने में आया है कि परिवार को अंग दान करने में बेटियों के मुकाबले बेटे आगे हैं। इसकी मुख्य वजह लड़कियों की शादी में दिक्कत न आए, इसलिए उन्हें सुरक्षित रखा जाता है।"*




मानव त्वचा से महज एक स्तंभ कोशिका (स्टेम सेल) को विकसित कर कई तरह के रोगों के उपचार की संभावनाएं उजागर हो गई हैं। माना जा रहा है कि यदि स्तंभ कोशिका मानव शरीर के क्षय हो चुके अंग पर प्रत्यारोपित करने से अंग विकसित होने लगता है। करीब दस लाख स्तंभ कोशिकाओं का एक समूह सुई की एक नोक के बराबर होता है। ऐसी चमत्कारी उपलब्धियों के बावजूद समूचा चिकित्सा समुदाय इस प्रणाली को रामबाण नहीं मानता। शारीरिक अंगों के प्राकृतिक रूप से क्षरण अथवा दुर्घटना में नष्ट होने के बाद जैविक प्रक्रिया से सुधार लाने की प्रणाली में अभी और बुनियादी सुधार की जरूरत है। इधर, वंशानुगत रोगों को दूर करने के लिए स्त्री की गर्भनाल से प्राप्त स्तंभ कोशिकाओं का भी दवा के रूप में इस्तेमाल शुरू हुआ है। इस हेतु गर्भनाल रक्त बैंक भी भारत समेत दुनिया में वजूद में आते जा रहे हैं। इस चिकित्सा प्रणाली के अंतर्गत प्रसव के तत्काल बाद गर्भनाल काटने के बाद यदि इससे प्राप्त स्तंभ कोशिकाओं का संरक्षण कर लिया जाए तो इनसे परिवार के सदस्यों का दो दशक बाद भी उपचार संभव है। इन कोशिकाओं का उपयोग दंपत्ति की संतान के अलावा उनके भाई-बहन तथा माता-पिता के लिए भी किया जा सकता है। गर्भनाल से निकले रक्त को शीत अवस्था में 21 साल तक सुरक्षित रखा जा सकता है, लेकिन इस बैंक में रखने का शुल्क कम से कम एक-डेढ़ लाख रुपए है। ऐसे में यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि गरीब लोग इन बैंकों का इस्तेमाल कर पाएंगे? सरकारी स्तर पर अभी इन बैंकों को खोले जाने का सिलसिला शुरू ही नहीं हुआ है। निजी अस्पताल में इन बैंकों की शुरुआत हो गई है और 75 से ज्यादा बैंक अस्तित्व में आकर कोशिकाओं के संरक्षण में लगे हैं। इस पद्धति से जिगर, गुर्दा, हृदय रोग, मधुमेह और स्नायु जैसे वंशानुगत रोगों का इलाज संभव है।

महिलाओं के मासिक धर्म के दौरान निकलने वाले जिस रक्त को रिवाजों के मुताबिक अशुद्ध माना जाता है, उसमें दरअसल जीवन को निरोगी और दीर्घायु बनाने की क्षमता पाई गई है। नए शोधों से पता चला है कि इस रक्त में स्तंभ कोशिकाएं प्रचुर मात्रा में होती हैं, जिनका उपयोग अनेक बीमारियों में किया जा सकता है। मुंबई में इन कोशिकाओं के संरक्षण की दृष्टि से 'मेन्स्टुअल स्टेम सेल' बैंक भी शुरू हो चुका है। शोधों से पता चला है कि रजस्वला स्त्री के रक्त से मिलने वाली स्तंभ कोशिकाओं में सफलता की संभावना अस्थि मज्जा से निकाली गई कोशिकाओं की बनिस्वत सौ गुना अधिक होती है। इनके संग्रह के लिए चिकित्सा विशेषज्ञ की भी जरूरत नहीं होती। महिलाएं माहवारी के समय एक किट में रक्त को एकत्रित करके किट बैंक में जमा करा सकती हैं। भारत में गर्भाशय का प्रत्यारोपण भी शुरू हो गया है। पुणे में एक महिला ने अपनी मां के गर्भाशय का प्रत्यारोपण कराकर बच्ची को जन्म दिया है। रियो-डि-जेनेरियो में तो एक मृत महिला के गर्भाशय का प्रत्यारोपण 32 वर्षीय महिला के शरीर में कराकर एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया है। महिलाओं की इस विलक्षणता को विज्ञान की दुनिया में चमत्कार माना जा रहा है। हालांकि स्तंभ कोशिकाओं से उपचार की ये प्रणालियां अभी शैशव अवस्था में हैं, उपचार भी महंगा है। इस कारण जिगर और गुर्दे की बीमारियों को प्रत्यारोपण के जरिए ही दूर करने की सबसे ज्यादा मांग है। इसकी आपूर्ति के लिए सरकार की कोशिश है कि शवों (दिमागी तौर पर मृत लोगों के शव) से अंग प्राप्त किए जाएं। यह प्रत्यारोपण के लिए अंगों की आपूर्ति का सबसे अच्छा माध्यम है, जिसे लोगों में जागरूकता पैदा करके पूरा किया जा सकता है। देश में हर साल 50 हजार लोग हृदय प्रत्यारोपण के इंतजार में रहते हैं। इनमें से महज 10-15 लोगों का ही हृदय प्रत्यारोपण हो पाता है। देश में अंग प्रत्यारोपण के जरूरतमंद लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन अंगदाता उस अनुपात में नहीं मिल रहे हैं। अंग प्रत्यारोपण के लिए बड़ी संख्या में विदेशी भी भारत आते हैं, क्योंकि यहां खर्च कम होने के साथ अंगों की खरीद-फरोख्त के चलते अंगों की उपलब्धता आसान बनी रहती है।

अंग प्रत्यारोपण में सबसे कारगर पद्धति अंगदान ही है। इसकी आपूर्ति तीन प्रकार से अंगदान करके की जा सकती है। पहला कोई भी इंसान जीवित रहते हुए अपना गुर्दा अथवा जिगर दान करके जरूरतमंद को नया जीवन दे। दूसरे किसी व्यक्ति के ब्रेन-डेड होने पर, उसके परिजनों की अनुमति से अंगदान किया जाए, लेकिन इसमें अंगदान करने की समय-सीमा होती है। समय रहते मृत व्यक्ति के अंग निकाल लिए जाएं। इसमें परिवार की इजाजत कानूनन जरूरी है। यदि जागरूकता से ऐसा संभव हो जाता है तो 90 प्रतिशत महिलाओं को अपने गुर्दे दान करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लिहाजा स्वाभाविक रूप में अंगदान के बावत लैंगिक असमानता कालांतर में दूर होती चली जाएगी।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# इधर का रहा न उधर का




**दिनेश विजयवर्गीय**
व्यंग्यकार


वर्षों से एक गांव में रह रहा नेता मुंशीराम का अपने गांव से मन उछटने लगा। वहां लोगों के बीच वह उसकी लोकप्रियता का ग्राफ भी गिरता जा रहा था, इसलिए उचित अवसर देख उसने नदी पार के हरी भरी पहाड़ी की तलहटी में बसे गांव में रहने का फैसला किया। वह एक दिन उचित अवसर देख नदी की ओर चल दिया। सामने का गांव उसे लग रहा था जैसे वह उसे अपने यहां आमंत्रित कर रहा हो। लोग वहां उसका इंतजार करने लगे। वह उत्सुकता से उस पार जाने की लिए नदी के उस पार से आ रही नाव का इंतजार कर रहा था। नाव से आए एक परिचित ने उसे वहां खड़े रहने का कारण पूछा, तो उसने बस इतना कहा 'ऐ मेरे दिल कहीं और चल गम की दुनिया में जी भर गया। भाई सामने वाले गांव में जा रहा हूं अब वहीं सुंदर हरी भरी पहाड़ियों के बीच जीवन बिताऊंगा। वहीं मैं अपना जन आधार बढ़ाऊंगा।'

'तुम्हारा सोच गलत है जो तुम्हें दूर से डूंगर सुहावने हरे भरे लग रहे हैं वह भी उबड़ खाबड़ पथरीले और कांटों से भरे पड़े हैं। वहां भी लोग अपनी स्वार्थ की दुनिया में जीते हैं।' इतना कह वह आगे बढ़ गया। मुंशीराम नदी पार वाले गांव जाने के निर्णय पर फिर से सोचने लगा और देर तक सोचता रहा। वह फिर से अपने गांव में ही तेरे बिना भी क्या जीना, गुनगुनाता लौट आया। मीडिया वालों ने उससे पूछा 'तुम्हारे मन में जो उथल-पुथल चल रही है इधर जाऊं या उधर उस से तुमने अपना कैरियर खराब कर लिया। अब तुम्हें यहां वाले सम्मान भी वैसा नहीं देंगे। एक बार सफेद कपड़े में दाग जो लग गया। अब तुमने अपना बैठे ठाले जन आधार का बंटाधार कर लिया। आला कमान भी तुम्हें भाव नहीं देगा।

यदि एक बार तुमने दूसरी ओर जाने का मन बना ही लिया था तो अपने आत्मविश्वासी संकल्प के साथ चल ही जाते। तुम्हें तो राजनीति का जो अनुभव है उसका लाभ उस गांव की पार्टी वाले उठाते। वहां भी तुम्हारा माला पहना कर स्वागत सरकार करते। वहां पार्टी वाले तुम्हारे आने की संभावना से उत्सुक थे। पर अब तुम अपने अविवेक पूर्ण निर्णय पर पछताते रहो। अब देखना कि आला कमान तुम्हें भाव देगा भी या नहीं? या वैसे ही उपेक्षित जीवन जीना होगा। तुमने अपने हाथों अपना कॅरियर का ग्राफ गिरा लिया। अब फिर से लोगों के पास अपना जनाधार बड़ा कर फिर से अपनी अहमियत स्थापित करो और उचित अवसर की प्रतिज्ञा करो शायद फिर कभी देर सबेर रात का अंधेरा छंट जाए।

**नॉलेज कॉर्नर: पांच साल में चीन ने बनाए 1 हजार परमाणु हथियार!**

# सेना को ऐसे पावरफुल बना रहे जिनपिंग

कभी अमेरिका तो कभी ताइवान, दुनिया के कई देशों के साथ चीन की दुश्मनी कम नहीं हो रही। न ही ड्रैगन इसे कम करने में मूड में है। सेना को लेकर चीन जो नीतियां अपना रहा है कि उससे साफ है कि वो युद्ध के लिए खुद को तैयार कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स कहती हैं, चीन सेना में न्यूक्लियर वॉरहेड्स की संख्या को बढ़ाकर 500 करने की तैयारी में है। वर्तमान में अमेरिका और रूस के पास 5 हजार न्यूक्लियर वॉरहेड हैं। विदेशी मामलों के जानकारों का कहना है कि बीजिंग जिस तरह से हथियारों को बनाने और सेना की ताकत को बढ़ाने में पैसा झोंक रहा है वो अमेरिका समेत कई देशों के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकता है। विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

## ये है ड्रेगन का प्लान?

पिछले कुछ सालों चीन ने हथियारों का जखीरा बढ़ाया है। इसमें तोडीएफ-41 शामिल है। यह एक बैलिस्टिक मिसाइल है। 2020 में तैयार हुई इस मिसाइल की रेंज 12,000 से 15,000 किलोमीटर तक तक है। ड्रैगन ने पनडुब्बी टाइप 094 अब नई जेएल-3 सबमरीन-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल (एसएलबीएम) से लैस है। इस बैलिस्टक मिसाइल की रेंज लगभग 10 हजार किलोमीटर है। यह अमेरिका तक को निशाना बनाने में सक्षम है। इतना ही नहीं, चीन ने दो अतिरिक्त टाइप 094 परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों को अपने बेड़े में शामिल करके ताकत को बढ़ाया है। इतना ही नहीं, चीन नया अटॉमिक स्टील्थ बॉम्बर, जियान एच-20 भी विकसित कर रहा है।



## सेना के बजट में में हर साल बढ़ोतरी

पहले यूक्रेन और रूस की जंग फिर इजराइल-गाजा वॉर, दोनों के बाद चीन ने सेना पर फोकस करना शुरू किया। चीन सेना और परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने में अपनी पूरी ताकत झोंक रहा है। चीन की रणनीति कैसी है यह इस बात से समझा जा सकता है कि सेना के बजट में कैसे साल दर साल बढ़ोतरी हो रही है। ब्रिटेन के इंटरनेशन इंस्टीयूट फॉर स्ट्रेटेजिक स्टडीज की रिपोर्ट कहती है, पिछले चीन ने डिफेंस बजट में बढ़ोतरी की। इसका दायरा 18।30 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। सेना में 20 लाख सैनिक हैं। यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना है। वहीं पहले पायदान पर अमेरिका है।

**चीनी सेना की ताकत**

*दुनिया की चौथी सबसे बड़ी चीनी सेना के पास करीब 5 हजार टैंक हैं। 2800 सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टिलरी हैं। यह सेना खतरनाक हथियारों के लिए भी जानी जाती है। सेना के पास लम्बी दूरी की रेंज वाली मिसाइलों से लेकर बम वर्षक तक मौजूद हैं। चीन के पास सबसे पावरफुल परमाणु ICBM मिसाइल DF-5 है।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

X



**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री
@narendramodi
पहले जिस गरीब को सबसे आखिरी समझा जाता था, आज हम सबसे बड़ी योजनाएं उन्हीं के लिए बना रहे हैं।



**सचिन पायलट**, कांग्रेस नेता
@SachinPilot
आयकर विभाग द्वारा बैंक को कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के खातों से 65.8 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने का आदेश समझ से परे है। केंद्र सरकार का अब नया षड्यंत्र यह है कि किस प्रकार से देश के मुख्य विपक्षी दल को चुनावों से पहले आर्थिक रूप से अस्थिर किया जाए।



**श्री रवि शंकर**, योग गुरु
@Srisri
पैसे के लिए जुनून, संतान के प्रति लगाव, प्रसिद्धि की लालसा और लंबी उम्र के बारे में व्याकुलता मन को जकड़ सकती है, जिससे ऊर्जा खत्म हो सकती है। पहला कदम यह पहचानना है कि आप पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। आध्यात्मिक ज्ञान और ध्यान आपको इनसे सहजता से ऊपर उठने में मदद करते हैं।

### उत्तर प्रदेश में सीटों के गठबंधन की माथापच्ची के बाद कांग्रेस में बगावत की आहट

# सपा के कोटे में गई खुर्शीद की सीट, निर्दलीय लड़ सकते हैं चुनाव!

■ पूर्व विदेश मंत्री ने बढ़ाई कांग्रेस की मुश्किल

एजेंसी | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर गठबंधन कंप्लीट न होने के चलते लंबे वक्त तक कांग्रेस को टेंशन देने वाले सवालों का सामना करना पड़ा लेकिन जब समाजवादी पार्टी के साथ सीट शेयरिंग और गठबंधन की सारी बात फाइनल



हो गई तो अब उसे अपने ही वफादार नेता झटका देने लगे हैं। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की सीट सपा के कोटे में जाने पर वे काफी खफा हैं और उन्होंने यह भी संकेत दिए हैं कि वे इस सीट पर निर्दलीय के तौर पर भी चुनाव लड़ सकते हैं।

दरअसल, सपा-कांग्रेस के गठबंधन और सीट शेयरिंग का ऐलान होने के बाद कांग्रेस में भीतरी बगावत शुरू हो गई है। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट के जरिए कांग्रेस की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। खुर्शीद ने लिखा, 'फर्रुखाबाद से मेरे रिश्तों को कितने इम्तिहान का सामना करना पड़ेगा? सवाल मेरा नहीं पर हमारे सब के मुस्तकाबिल का है, आने वाली नस्लों का है। किस्मत के फैसलों के सामने कभी झुका नहीं। टूट सकता हूं, झुकूंगा नहीं। तुम साथ देने का वादा करो मैं नगमे सुनाता रहूं।

सलमान खुर्शीद की इस नाराजगी की बात करें तो यह सपा-कांग्रेस गठबंधन के चलते सामने आई है। कांग्रेस सपा के बीच हुए इस गठबंधन में कांग्रेस 17, सपा 62 और एक सीट भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद को दी गई है।

#### सपा ने फर्रुखाबाद से उम्मीदवार उतारा

बता दें कि समाजवादी पार्टी ने अपने कोटे की 62 में से अब तक कई सीटों पर नाम का ऐलान भी किया है जिसमें फर्रुखाबाद सीट भी शामिल है। सपा ने इस सीट से डॉक्टर नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी बनाया है, जिसके चलते सलमान खुर्शीद ज्यादा नाराज हो गए हैं। सलमान खुर्शीद इतने नाराज हैं कि एक्स पर उनके पोस्ट से साफ समझ आ गया कि वे पार्टी के हाई कमान से भी कोई खासा खुश नहीं हैं। कांग्रेस के कोटे में आई लोकसभा सीटों की बात करें तो इसमें रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा सीतापुर, बाराबंकी और देवरिया शामिल हैं लेकिन इसमें फर्रुखाबाद सीट नहीं है और सलमान खुर्शीद इसीलिए अपनी ही पार्टी के लोगों से नाराज हैं क्योंकि वे सपा को इस सीट पर सहमत क्यों नहीं कर पाए।

#### महाराष्ट्र में सहमति, तमिलनाडु तय तृणमूल ने किया इनकार

विपक्षी गठबंधन INDIA के दलों के साथ 2024 के चुनावी तालमेल को सिरे चढ़ाने को गति देने में जुटी कांग्रेस की महाराष्ट्र में भी सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे पर लगभग सहमति बन गई है। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के घटक दलों के बीच लोकसभा सीटों के बंटवारे का फार्मूला तय होने के बाद कांग्रेस की ओर से साफ संकेत दिए गए हैं कि इसकी घोषणा भी अगले कुछ दिनों के भीतर कर दी जाएगी। तमिलनाडु में द्रमुक के साथ सीटों के बंटवारे की बातचीत भी अंतिम दौर में पहुंच गई है और कांग्रेस को यहां गठबंधन में किसी तरह की अड़चन की आशंका नहीं है। वहीं, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के साथ कांग्रेस को गठबंधन की उम्मीद थी, लेकिन ममता बनर्जी शुक्रवार को कहा कि टीएमसी बंगाल में अकेले ही सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

## जरूरी खबर

### प्रियंका ने की यूपी पेपर लीक की CBI जांच की मांग



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में पेपर लीक को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। लखनऊ और प्रयागराज में छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। यूपी पुलिस भर्ती में परीक्षा से पहले ही पेपर लीक हो गया। आरओ, एआरओ पेपर लीक मामले को लेकर भी छात्रों में गुस्सा है। इस बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने यूपी पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि दोषियों को खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, कांग्रेस ने यूपी में भर्ती विधान पेश किया था जिसमें पेपर लीक और भर्तियों में भ्रष्टाचार रोकने के प्रावधान रखे गए थे। पेपर लीक संकट को देखते हुए हमारी मांग है कि हाल में हुई दोनों पेपर लीक की सीबीआई जांच हो।

### सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने रेत खनन मामले में ईडी के खिलाफ याचिका दाखिल करने पर तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि राज्य सरकार ईडी के खिलाफ याचिका दाखिल कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि राज्य ने किस कानून के तहत याचिका दाखिल की। कोर्ट ने मामले को 26 फरवरी के लिए सूचीबद्ध किया। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ को राज्य की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि राज्य याचिका दाखिल कर सकता है और वह सोमवार को कुछ फैसले दिखा सकते हैं। इस पर पीठ ने मद्रास हाई कोर्ट के अंतरिम आदेश के खिलाफ ईडी द्वारा दाखिल याचिका पर जवाब करने को कहा।

### प्रधानमंत्री का वाराणसी दौरा, राहुल गांधी पर किए प्रहार

# खुद के होश ठिकाने नहीं, काशी के नौजवानों को बता रहे नशेड़ी

### 13 हजार करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया

एजेंसी | वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी की यात्रा पर पहुंचे हुए हैं। पीएम ने वाराणसी में 13 हजार करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसके बाद पीएम ने जनसभा भी की जिसमें उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला। दरअसल, कुछ ही दिनों पहले राहुल गांधी ने कहा था कि काशी में युवा नशा कर के रोड पर नाच रहे हैं। अब इस मामले को लेकर पीएम ने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। पीएम मोदी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के विवादित बयान पर पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के युवराज कहते हैं कि काशी और यूपी के युवा नशेड़ी हैं। यह कैसी भाषा है? उन्होंने कहा कि जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं, वो यूपी के, मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि अब राहुल गांधी अपनी हताशा उत्तर प्रदेश के युवाओं पर निकाल रहे हैं। पीएम ने कहा कि



यूपी के युवा लोग तो विकसित राज्य बनाने में जुटे हैं। इससे पहले सीएम योगी और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के साथ पीएम मोदी कखरियांव पहुंचे। यहां जनसभा के मंच पर सीएम योगी ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। वहीं पीएम मोदी भोजपुरी अंदाज भी सुर्खियों में रहा। मोदी ने कहा, काशी की धरती पर आप लोगों के बीच आने का मौका मिला। भोजपुरी में बोले- जब तक बनारस नाहीं आईया तब तक हमार मन नाहीं मानेला। 10 साल पहले आप लोग आपन सांसद बनइला।

#### इन्हें काशी और अयोध्या का नया स्वरूप पसंद नहीं

पीएम मोदी ने वाराणसी में कहा कि 6 दशक के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण ने यूपी को विकास में पीछे रखा। पहले की सरकारों ने यूपी को बीमारू राज्य बनाया, यहां के नौजवानों से उनका भविष्य छीना। पीएम ने आगे कहा कि आजकल तो इनके गुस्से का, इनकी बौखलाहट का एक और भी कारण है। इनको काशी और अयोध्या का नया स्वरूप बिल्कुल पसंद नहीं आ रहा।

#### पूर्वांचल को मिलेगा लाभ

पीएम मोदी ने वाराणसी की जनता को 13 हजार करोड़ की सौगातें देने का काम किया है। मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखने से लेकर कई दूसरी परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाई गई है। उन विकास कार्य को लेकर पीएम ने बोला कि इन विकास परियोजनाओं में पशुपालन, रोड्स, स्पोर्ट्स स्वास्थ्य, एलपीजी, समेत कई प्रोजेक्ट्स हैं। बनारस समेत पूरे पूर्वांचल में नौकरी के अवसरों में इससे बढ़ोतरी होगी।

#### युवाओं से डरते हैं परिवारवादी

पीएम मोदी ने कहा, परिवारवादी हमेशा युवा टैलेंट से डरते हैं। उन्हें लगता है कि युवाओं को मौका मिलेगा तो वे आगे बढ़ जाएंगे। उन्हें काशी का नया स्वरूप पसंद नहीं आ रहा। ये परिवारवादी अपने भाषणों में राम मंदिर को लेकर कैसी बातें करते हैं।

#### पीएम ने पूरा किया 500 साल का सपना: योगी

करखियांव में सीएम योगी ने कहा, पीएम मोदी ने पिछले 10 साल में काशी को 45 हजार करोड़ की परियोजनाएं दी हैं। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री का धन्यवाद करता हूं। नया भारत वैश्विक मंच पर अपने लोगों को सुरक्षा समृद्धि और पहचान दे रहा है। प्रधानमंत्री इस बार काशी तब आए हैं जब उन्होंने राम मंदिर का 500 साल पुराना सपना पूरा किया है।

### चार जातियों को मिलेगी प्राथमिकता

# ओबीसी वर्ग को सबसे ज्यादा टिकट देगी भाजपा

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में पूरी तरह जुट चुकी भाजपा एक सप्ताह में अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर सकती है। भाजपा इस बार एतिहासिक बदलाव के साथ चुनाव में उतरने जा रही है। सीटों के आवंटन में वह विपक्ष के उन सभी हमलों का पूरा जवाब देने की कोशिश करेगी, जिनके सहारे विपक्ष उसे घेरता रहा है।

पहली सूची में इस बार सबसे ज्यादा ओबीसी समुदाय को टिकट मिलने की संभावना है, तो दलित और आदिवासी समाज को प्रमुखता देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन वर्गों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रमाणित कर सकते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी हमेशा चार जातियों महिला, युवा, गरीब और पिछड़े की बात करते रहे हैं। इस बार चुनाव में इन्हीं वर्गों को सबसे ज्यादा भागीदारी देकर वे इन वर्गों को सत्ता में भागीदारी देने की रणनीति अपना सकते हैं। जानकारी के अनुसार, टिकट बंटवारे में महिलाओं को प्रमुखता दी जाएगी, लेकिन जीतने की क्षमता किसी उम्मीदवार के चयन का सबसे बड़ा आधार



होगी। सबसे पहले उन सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा की जा सकती है, जिसे पार्टी ने अपने लिए सबसे चुनौतीपूर्ण सीटें माना है। लगभग 160 सीटों की इस सूची में वे सीटें शामिल हैं, जिस पर भाजपा को या तो कभी जीत हासिल नहीं हुई, या उन पर जीत में वोटों का अंतर बहुत कम रहा है।

पार्टी ने यही रणनीति पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के दौरान भी अपनाई थी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, पार्टी 70 वर्ष से अधिक चुके सांसदों को इस बार टिकट से वंचित कर सकती है। इस कैटेगरी में आने के कारण पार्टी के कई बड़े दिग्गजों के टिकट भी कट सकते हैं।

### प्रियंका गांधी भी होंगी शामिल

# न्याय यात्रा आज मुरादाबाद में

एजेंसी | मुरादाबाद/अमरोहा

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मुरादाबाद में शनिवार को निकलेगी। इसके लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है। कांग्रेस पदाधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है।

इसलिए उनकी सुरक्षा में छह सरकारी वाहन लगेंगे। राहुल गांधी मूंढापांडे एयरपोर्ट पर 9:35 बजे हेलीकाप्टर से उतरेंगे। इसके बाद 10 बजे मुरादाबाद स्थित जामा मस्जिद भारत जोड़ो



न्याय यात्रा में शामिल होंगे। न्याय यात्रा कोहिनूर तिराहा तक जाएगी। यहां राहुल गांधी के साथ प्रियंका गांधी जनता को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोनों नेता अमरोहा के लिए रवाना होंगे। डेढ़ बजे अमरोहा पॉलीटेक्निक मैदान में जनसभा होगी।

#### राहुल पर रांची में चलेगा केस

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। रांची में राहुल गांधी के खिलाफ केस चलेगा। राहुल गांधी ने 2018 में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को समन किया था। इस समन के खिलाफ राहुल गांधी ने हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। राहुल की याचिका को हाई कोर्ट ने रिजेक्ट कर दिया है।

### पीड़ित महिलाओं से मुलाकात कर सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी

# संदेशखाली हिंसा के बीच पीएम जाएंगे बंगाल

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले महीने तीन दिवसीय दौरे पर बंगाल में रहेंगे। वह एक मार्च और दो मार्च को आरामबाग और कृष्णानगर में सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही पीएम मोदी छह मार्च को उत्तर 24 परगना जिले में महिला रैली को संबोधित करेंगे, जहां संदेशखाली में हिंसा की घटनाएं हुई हैं।

बता दें कि लोकसभा चुनावों से पहले पीएम मोदी की बंगाल यात्रा काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भाजपा बंगाल में टीएमसी को कड़ी टक्कर देने की पुरजोर कोशिश कर रही है। साथ ही इस वक्त भाजपा और टीएमसी के बीच राजनीतिक बहस तेज हो गई है। भाजपा संदेशखाली मामले को लेकर टीएमसी पर लगातार हमलावर है। बता दें कि संदेशखाली में महिलाओं ने टीएमसी से जुड़े नेता शाजहान शेख और उनके समर्थकों पर जमीन हड़पने और महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। माना जा रहा है कि पीएम मोदी उत्तर 24 परगना जिले के मुख्यालय बारासात में कुछ शिकायतकर्ताओं से मुलाकात कर सकते हैं।



#### तृणमूल कांग्रेस नेता को पीटा

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब खबर है कि ग्रामीणों ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक नेता अजीत मैती के साथ मारपीट की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। संदेशखली के बेरमाजपुर गांव में भी आज ग्रामीणों ने अपना प्रदर्शन जारी रखा। पिछले दस दिनों से ज्यादा समय से इलाके में तनाव बना हुआ है।

### कांग्रेस का भाजपा पर आरोप

# केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर भाजपा भर रही है अपना खजाना

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर ईडी-सीबीआई और इनकम टैक्स जैसी केंद्रीय एजेंसियों का भाजपा के लिए चंदा जुटाने में दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए इसकी सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कराए जाने की मांग की है। पार्टी ने दावा किया है कि इन केंद्रीय एजेंसियों की छापेमारी और डराने-धमकाने की कार्रवाई के बाद 30 निजी कंपनियों ने भाजपा के खाते में करीब 335 करोड रुपए चंदा जमाया कराया। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर इन निजी कंपनियों पर हुई छापेमारी के



बाद भाजपा को चंदा देने में भाजपा और दान दाताओं के बीच आदान-प्रदान से जुड़े पहलुओं की जांच की मांग की है। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए वेणुगोपाल ने कहा कि देश देख रहा कि किस तरह भाजपा का खजाना भरने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा तो कांग्रेस के बैंक खाते को मामूली आरोपों में फ्रीज कर उसके खाते से लोगों द्वारा दिए गए चंदे की रकम जबरन निकाल लोकतंत्र में समान अवसर के बुनियादी सिद्धांत को नष्ट किया जा रहा है।

■ कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री को लिखा पत्र

■ सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कराए जाने की मांग

#### भाजपा की जबरन चंदा वसूली: जयराम रमेश

कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान शुक्रवार को वित्त मंत्री को लिखे वेणुगोपाल के पत्र को जारी करते हुए आरोप लगाया कि तमाम साक्ष्यों से साफ है कि इन कंपनियों से जबरन चंदा वसूली की गई है और इस तरह के दान को न्यायालय द्वारा असंवैधानिक ठहराया जा चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि 2018 से 2022 के बीच 30 निजी कंपनियों की इडी, सीबीआई और आयकर विभाग ने जांच की और इसी दौरान इन कंपनियों ने 335 करोड़ भाजपा को बतौर चंदा दिया।

#### कंपनियों को किया गया मजबूर

जयराम के अनुसार, इनमें से 22 कंपनियों ने 2018 से पहले कभी भी भाजपा को कोई चंदा नहीं दिया था और इससे साफ है कि कंपनियों के खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर उन्हें दान देने के लिए मजबूर किया गया। कांग्रेस महासचिव ने सरकार से पूछा कि जब आपके पास छुपाने के लिए कुछ नहीं है तो फिर भाजपा का खजाना भरने से जुड़े इन मामलों का क्या पूरा ब्यौरा देंगे और तथ्यात्मक स्पष्टीकरण देने को तैयार नहीं हैं तो फिर क्या सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कराएंगे। वेणुगोपाल ने अपने पत्र में एक पोर्टल के चंदे से जुड़े इस खुलासे का दावा करते हुए कहा कि यह अजीब संयोग है कि सीबीआइ-ईडी-इनकम टैक्स के छापे सरीखी कार्रवाई के बाद इनकी ओर से भाजपा को चंदा दिया गया, जिसकी पुष्टि अन्य दस्तावेजों के साथ चुनाव आयोग के दस्तावेज से भी होती है।

## जरूरी खबर

### सरकार ने सरोगेसी के नियमों में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सरोगेसी नियमों, 2022 में संशोधन किया है, जिसके तहत विवाहित जोड़े में किसी एक साथी के चिकित्सीय रूप से अक्षम होने की स्थिति में दाता (डोनर) के अंडाणु या शुक्राणु का उपयोग करने की अनुमति दी गई है, लेकिन इसके लिए जिला मेडिकल बोर्ड को यह प्रमाणित करना होगा कि पति या पत्नी में से किसी एक की चिकित्सीय स्थिति ऐसी है कि दाता के युग्मक (गैमीट) के उपयोग की आवश्यकता है, तो दाता के युग्मक का उपयोग करके सरोगेसी की अनुमति होगी।' यदि पति-पत्नी दोनों को चिकित्सीय समस्याएं हैं या वे अपने स्वयं के युग्मक का उपयोग करने में असमर्थ हैं तो वे सरोगेसी का विकल्प नहीं चुन सकते।

### इजराइल से जारी है रक्षा उपकरणों की खरीद



**नई दिल्ली।** इजराइल-हमास युद्ध शुरू हुए करीब साढ़े चार महीने गुजर चुके हैं। इस दौरान कई कारणों से इजराइल का औद्योगिक उत्पादन कम हुआ है लेकिन भारत के साथ उसका रक्षा कारोबार कम नहीं हुआ है। यह जानकारी उच्चस्तरीय भारतीय सूत्रों ने दी है। भारत इजराइली रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा खरीदार है। भारत ने बीते दस वर्षों में इजराइल से 2.9 अरब डालर (करीब 24 हजार करोड़ रुपए) से हथियार, गोला-बारूद और रक्षा उपकरण खरीदे हैं। खरीदे गए उपकरणों में रडार, सर्विलांस उपकरण, हमलावर ड्रोन और संवेदनशील मिसाइल हैं। भारतीय सेना के उच्चस्तरीय सूत्र के अनुसार इजराइल से हथियारों और रक्षा उपकरणों की आपूर्ति पर युद्ध का कोई असर नहीं पड़ा है। इजराइली कंपनियां पूर्व की भांति आर्डर पूरे कर रही हैं।

### सेला दर्रे पर फंसे 70 पर्यटकों को किया रेस्क्यू

**गुवाहाटी।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले के ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी के कारण यातायात बाधित हो गया है। इस कारण और सड़कें बंद हो गई हैं। बीआरओ सेला दर्रे पर फंसे लगभग 70 पर्यटकों और स्थानीय लोगों को निकालने के लिए बचाव अभियान चलाया गया। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि तवांग के ऊपरी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के चलते दर्रे पर कुछ वाहन फंस गए थे। 42 बीआरटीएफ ने उन्हें बचाने के लिए कार्रवाई शुरू की और शुक्रवार को सुबह 4:30 बजे तक उन्हें सुरक्षित निकाला गया।

# कश्मीर में बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित



**जम्मू कश्मीर।** जम्मू कश्मीर की पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का सिलसिला जारी है। उतर, दक्षिण और मध्य कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में जीवन की गाड़ी पटरी से उतर गई हैं। इन इलाकों में करीबन सात से दस फीट तक की बर्फ जमा हो गई है। जिसके चलते घाटी के कई क्षेत्रों में रेल और सड़क यातायात प्रभावित हुआ है। शुक्रवार को श्रीनगर से तकरीबन 50 किमी. दूर बर्फ से ढकी वादियों के बीच से गुजरती ट्रेन।

## सरकार से पांचवें दौर की वार्ता का इंतजार

# किसान-पुलिस में झड़प के बाद दिल्ली मार्च टाला

■ प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, एक पुलिस अधिकारी घायल

■ शुभकरण सिंह की बहन को एक करोड़ व नौकरी देगी पंजाब सरकार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

एमएसपी सहित विभिन्न मांगों को लेकर किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने ऐलान किया है कि अब 29 फरवरी तक के लिए दिल्ली चलो मार्च को टाल दिया गया है। असल में एक किसान की मौत के बाद से तनाव की स्थिति बनी हुई है, पहले भी उस वजह से दिल्ली कूच को टाल दिया गया था। बड़ी बात ये है कि किसानों को अभी तक सरकार से पांचवी बातचीत का प्रस्ताव नहीं आया है। वहीं गत बुधवार को पुलिस के साथ झड़प में मारे गए किसान शुभकरण सिंह की मौत पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दुख व्यक्त करते हुए मृतक की बहन को एक करोड़ मुआवजा और नौकरी देने का ऐलान किया। इधर शुक्रवार को किसान संगठनों ने काला दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान हिसार के खेड़ी चौपाटा में प्रदर्शनकारी किसानों और पुलसि के बीच झड़प भी हुई। इसमें एक पुलिस अधिकारी के घायल होने की सूचना है। पंजाब बॉर्डर के खनौरी तक मार्च करने से रोकने पर प्रदर्शनकारी भड़क गए थे। पुलिस ने प्रदर्शकारियों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागे।।



### शाह, खट्टर और विज का फूंका पुतला

एसकेएम की पॉलिटिकल विंग ने आज ब्लैक फ्राइडे की घोषणा के चलते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के सीएम मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और राज्य के गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूंक कर नाराजगी जताई। इस मामले पर केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल किसानों से बात कर रहा है। केंद्रीय मंत्री की ओर से किसानों को धैर्य और शांति बनाए रखने की अपील भी की गई है। उन्होंने किसानों के विरोध प्रदर्शन को 'हाई जैक' करने की कोशिश करने वाली बाहरी ताकतों को भी कड़ी चेतावनी दी है।

### जिम्मेदारों पर दर्ज हो 302 का केस

संयुक्त किसान मोर्चा MSP पर गारंटी कानून और अन्य मांगों को लेकर पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसान संगठनों के समर्थन में आ गए हैं। वहीं किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा है कि किसान की मौत के जिम्मेदारों पर 302 का केस दर्ज होना चाहिए। इधर हरियाणा पुलिस ने अंबाला के यूनियन नेताओं के खिलाफ एनएसए, 1980 को रद्द कर दिया है। अंबाला रेंज के आईजीपी सिबाश कबिराज ने कहा कि किसान नेताओं के खिलाफ एनएसए लागू नहीं किया जाएगा।

### किसानों से जुड़े मुद्दों पर सरकार गंभीर: सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को किसान संगठनों और सरकार के बीच जारी बातचीत के बारे में अपडेट दिया। सीतारमण ने कहा, "केंद्र सरकार ने मंत्रियों की तीन सदस्यीय समिति बनाई है और किसानों के साथ बातचीत कर रही है। पीएम मोदी ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए हर कदम उठाया है और वह छोटे से छोटे किसानों के लिए भी काम करते हैं। हम किसानों से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से काम कर रहे हैं।

### महिला अधिकारियों की बर्खास्तगी का फैसला कायम

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को शीर्ष अदालत को बताया कि वह छह महिला न्यायिक अधिकारियों को असंतोषजनक प्रदर्शन के लिए उनकी सेवाओं से बर्खास्त करने के अपने पहले के फैसले पर कायम है।

सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय से कहा था कि वह तीन हफ्ते के भीतर फैसला करे कि क्या वह इन न्यायिक अधिकारियों की सेवाओं को खत्म करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार कर सकता है। न्यायाधीश बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ सुनवाई कर रही थी।

उच्च न्यायालय की ओर से पेश वकील ने पीठ को फैसले के बारे में बताया। छह पूर्व न्यायिक अधिकारियों में तीन ने अपनी सेवाएं समाप्त करने के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। याचिकाओं पर सुनवाई कर रही पीठ ने मामले में अगली प्रक्रिया की तारीख 30 अप्रैल तय की।

## तस्करों को किया अरेस्ट

# गिर सोमनाथ में 300 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त



**एजेंसी** | अहमदाबाद


गुजरात की गिर सोमनाथ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बेरावल से समुद्री मार्ग से तस्करी कर लाई गई 300 करोड़ रुपए की 50 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। गिर सोमनाथ के पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह जाडेजा ने कहा कि आधी रात को पुलिस को मिली सूचना पर स्पेशल ऑपेशन ग्रुप और क्राइम ब्रांच समेत अधिकारी बंदरगाह पर पहुंचे। निगरानी के दौरान सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिन्होंने ड्रग्स की खेप ली थी। यह तस्करी समुद्री मार्ग से की जा रही थी। ड्रग्स के खेप लाने वाले नाविकों ने पुलिस के सामने यह बात कबूल की। ड्रग्स का कारोबार अंतराराष्ट्रीय स्तर का है। उनके पास से सैटेलाइट फोन भी जब्त किए गए। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने कहा कि आज गुजरात पुलिस को ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ करने में बड़ी सफलता मिली है।

## सीएम मोहन यादव 26 को करेंगे शुभारंभ

# कूनो में ले सकेंगे चीता सफारी का आनंद

**एजेंसी** | श्योपुर

मप्र के कूनो नेशनल पार्क में चीता सफारी परियोजना के कार्यों का शुभारंभ 26 फरवरी को होगा। मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव इसका शुभारंभ करेंगे। चीता सफारी से सहरिया जनजाति की संस्कृति को भी अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की योजना है। सहरिया जनजाति के



युवकों को सफारी के लिए गाइड का प्रशिक्षण दिया गया है। पर्यटकों के लिए विकसित किए जा रहे चीता सफारी के प्रोजेक्ट पर 50 करोड़ रुपए का खर्च किए जा रहे हैं। कूनो नदी का क्षेत्र भी सफारी के दायरे में लाया जाएगा। फिलहाल अभी लोगों को चीतों का दीदार करने मे लिए इंतजार करना होगा। बता दें कि 17 सितंबर 2022 को प्रधानमंत्री ने आठ चीतों को कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा था।

## दिल्ली में बोले पूर्व ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री...

# भारत दुनिया की उभरती लोकतांत्रिक महाशक्ति: एबॉट

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री टोनी एबॉट ने भारत की प्रशंसा की है। उन्होंने दिल्ली में एक कार्यक्रम के बाद कहा, भारत दुनिया की उभरती हुई लोकतांत्रिक महाशक्ति है और वह तेजी से पूर्ण आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है। यह जानने के लिए आप केवल यह देख सकते हैं कि भारत के सभी प्रमुख शहरों में बुनियादी ढांचे का निर्माण किस तरह से किया जा रहा है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंध बहुत मजबूत है। भारत के साथ व्यापार करने की सबसे अच्छी बात यह है कि कोई भी पक्ष



बिना कारण व्यापार को अचानक बंद नहीं करेगा। एबॉट ने यह भी कहा कि भारत वर्तमान में एक दशक पहले की तुलना में कहीं अधिक व्यापार-अनुकूल स्थान है। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्ते 18वीं सदी से है। भारत और ऑस्ट्रेलिया एक अच्छे सैन्य रणनीतिकार और साझेदार भी हैं।

### भारत और ऑस्ट्रेलिया के रिश्ते लगातार हो रहे मजबूत

ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ पर एबॉट ने कहा कि वह इस तथ्य से अवगत हैं। यह एक छोटे से अल्पसंख्यक वर्ग की ओर से किया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे भारत और ऑस्ट्रेलिया के रिश्ते खराब नहीं होंगे। दोनों के रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे। बता दें कि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में कुछ लोगों द्वारा लगातार कई हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया था। हाल यह था कि जनवरी 2023 के शुरुआती 15 दिनों में ही 3 हिंदू मंदिरों पर हमला हुआ था। 2021 की जनगणना के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया में 2।7 फीसदी हिंदू आबादी रहती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यहां सबसे तेजी से किसी धर्म में बढ़ोतरी हुई है तो वह हिंदू धर्म ही है। ऑस्ट्रेलिया में तीसरा सबसे बड़ा धर्म हिंदू है। यहां करीब 684,002 हिंदू रहते हैं।

### मोदी हैं सबसे बेहतरीन भारतीय दोस्त

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी अबॉट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। टोनी ने कहा कि पीएम मोदी ऑस्ट्रेलिया के अब तक के बेहतरीन भारतीय दोस्त रहे हैं। मैं चाहता हूं कि आगामी चुनाव में वह अच्छा करें। भारत एक जीवंत लोकतंत्र हैं और समय-समय पर इस देश में सरकार बदलती है। मैं भारतीय लोगों को कोई सलाह नहीं देना चाहता लेकिन मैं ऑस्ट्रेलिया के दृष्टिकोण से जानता हूं कि हम आगामी सालों में प्रधानमंत्री मोदी के साथ काम करने को लेकर खुश होंगे।

# पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर नए दिशा-निर्देश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े कुछ नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आरबीआई की ओर से कहा गया है कि चूंकि पेटीएम पेमेंट्स बैंक 15 मार्च, 2024 के बाद अपने ग्राहक खातों और वॉलेट में और क्रेडिट स्वीकार नहीं कर सकता है, इसलिए कुछ अतिरिक्त कदम आवश्यक हो गए हैं। इनमें पेटीएम पेमेंट्स बैंक द्वारा संचालित '@paytm' हैंडल का उपयोग करके UPI ग्राहकों द्वारा निर्बाध डिजिटल भुगतान सुनिश्चित करना और कई भुगतान एप सेवा प्रदाताओं के साथ UPI सिस्टम में जारी जोखिम को कम करना शामिल है। आरबीआई




ने कुछ अतिरिक्त कदम उठाए हैं। आरबीआई ने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) को RBI द्वारा सलाह दी है कि वह मानदंडों के अनुसार, पेटीएम एप के यूपीआई संचालन को जारी रखने के उद्देश्य से दिए गए आवेदन पर फैसला ले। पेटीएम ने UPI चैनल के लिए तृतीय-पक्ष एप्लिकेशन प्रदाता (TPAP) बनने का आवेदन दिया है।

### रवींद्र मंच के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती महोत्सव के तहत नाटक का मंचन

# ‘सन-2025’ में उधेड़ कर रख दीं यथार्थवाद की एक-एक परत

**बेधड़क.जयपुर।** ‘लेखक अपनी लेखनी से बहुत ही चर्चित हो जाता है और जन-जन तक अपनी पहुंच बनाता है। इसी बीच एक जासूस अचानक उसके सामने आता है और उसकी लेखनी की सच्चाई को बयां करना शुरू करता है और कहानी धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए कई मोड़ लेते हुए अंत पर पहुंचती है। इस दौरान यथार्थवाद की एक-एक परत खुलती जाती है।’ यह सब देखने को मिला रवींद्र मंच के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती महोत्सव के तहत कला व संस्कृति विभाग तथा रवींद्र मंच की ओर से टैगोर थिएटर योजना के तहत मंचित किए गए मार्मिक और सामाजिक नाटक सन 2025 में।





### दो पात्रों के जरिए कही कहानी

नाटक का निर्देशक राजेश कसाना ने किया है तो नाट्य रूपांतरण पियूष मिश्रा का रहा। नाटक सन 2025 मुख्य रूप से 2 पात्रों का नाटक है, जिसमें एक लेखक अपनी लेखनी से चर्चित होता है।

### बेवकूफी की मौत की ओर अग्रसर

लेखक जासूस को बड़ी सहजता से उसके अपने ही बनाए जाल में फंसा देता है और उसे छटपटाहट के साथ खुद ही बेवकूफी भरी मौत मरने को मजबूर कर देता है। नाटक में कई मोड़ आते हैं और दोनों की जद्दोजहद सामने आती है। इस तरह नाटक धीरे-धीरे अपने अंजाम तक पहुंचता है। नाटक यथार्थता लिए संवादों की परत दर परत खोलते हुए पात्रों के चरित्र चित्रणकों नए रूप में पेश करता है।

### इन कलाकारों ने किया अभिनय

नाटक में मोहित भट्ट, गगन त्रिवेदी, केडी कश्यप ने दमदार अभिनय करते हुए कहानी को जीवंत किया। रवींद्र मंच की मैनेजर सोविला माथुर ने बताया कि नाटक सन 2025 का मंचन मंच के मिनी थिएटर में किया गया।

## प्रत्याशी की योग्यता को दें महत्व



**बेधड़क. जयपुर।** राज्य स्तरीय युवा संसद महोत्सव में विशेषज्ञों ने लोकतंत्र को व्यवस्थित व मजबूत बनाने के लिए मतदाता परिष्कार की आवश्यकता पर बल दिया। नेहरु युवा केंद्र संगठन की ओर से आयोजित इस महोत्सव में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि मतदाओं को किसी तरह के लोभ-लालच, जाति-धर्म क्षेत्र वर्ग की सोच से उठकर योग्यता को मापदंड बनाना होगा। वहीं, केंद्र संगठन के राज्य निदेशक महेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि महोत्सव में राजस्थान के 33 जिलों के फर्स्ट व सैकंड रहने वाले युवा भाग ले रहे हैं। उन्होंने युवाओं को कार्यक्रम के उदेश्य व नियमों की जानकारी दी। युवा संसद कार्यक्रम निर्णायक मंडल सीनियर जर्नलिस्ट में गुलाब बत्रा, शिक्षाविद डॉ. नरेंद्र शर्मा, महेश चंद पालीवाल, गोपाल लाल गुप्ता, संजय माचेड़ी थे।

## डॉ. रेणु ने पढ़ा शोध पत्र



**बेधड़क. जयपुर।** अमरकंटक में ‘भारतीय कला पर लोक व जनजाति तत्वों का प्रभाव’ शीर्षक पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जयपुर की डॉ. रेणु शाही ने नाथद्वारा शैली में लोक परंपराओं, लोक तत्वों, लोक मान्यताओं व लोक कथाओं को केन्द्रित करते हुए व एक लघु चित्र शैली के वर्तमान स्वरूप पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। डॉ. रेणु वर्तमान में जयपुर में कला शिक्षण के साथ लेखन व कला इतिहास पर शोध व समीक्षा का कार्य कर रही हैं।

## नव नियुक्त महामंत्री का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** प्रदेश कार्यालय भाजपा में नव नियुक्त अल्पसंख्यक मोर्चे के महामंत्री जावेद कुरैशी का स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भवानी सिंह राजावत पूर्व चेयरमैन नगर निगम जयपुर, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष हमीद खान मेवाती, जिला मंत्री राजेश तांबी, खेमचंद शर्मा संयोजक कानून व विधि विभाग, शिव प्रकाश धनेरा अधिवक्ता भारत सरकार मौजूद रहे।

## City इवेंट्स

### श्रीवीर तेजाजी एक्सीलेंस अवॉर्ड दिए



**बेधड़क. जयपुर।** श्री वीर तेजाजी एक्सीलेंस अवॉर्ड समारोह जयपुर में आयोजित किया गया। शुभारंभ प्रधानमंत्री शील्ड अवॉर्डी डॉ. गणेश नारायण गुरुजी और जगदीश प्रसाद के सानिध्य में किशनगढ विधायक डॉ. विकास चौधरी व हरिराम किंवाड़ा ने किया। इस अवसर पर शिक्षा, सेना, समाज सेवा, राजनीति, प्रशानिक, खेल, मीडिया, चिकित्सा, कृषि व लोक कलाओं से जुड़ी प्रतिभाओं को वीर तेजाजी एक्सीलेंस अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक हरिराम किंवाड़ा ने बताया कि तेजाजी के जीवन आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण, पुस्तक लेखन और अन्य प्रेरणादायक कार्यक्रमों से कार्य किया जा रहा है।

### कल फहराई जाएगी धर्म ध्वजा



**बेधड़क. जयपुर।** चेटीचंड सिंधी मेला समिति महानगर जयपुर के चेटीचंड कार्यक्रमों में रविवार को एमआई रोड स्थित श्रीअमरापुर दरबार में सुबह 8 बजे धर्म ध्वजा फहराई जाएगी। अध्यक्ष अशोक सेवानी ने बताया कि मोनू रामजी महाराज और संत मंडली के कर कमलों से धर्म ध्वजा फहराई जाएगी। प्रवक्ता तुलसी संगतानी ने बताया कि ध्वजा को संस्कृति, विजय और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना गया है। ध्वजा में उगते हुए सूर्य की रश्मियां समाहित होती हैं, जो मन के अंधकार को दूर करती है।

### भारत दर्शन यात्री ओम सोउ का स्वागत



**बेधड़क. जयपुर।** 51 शक्तिपीठ एवं 12 ज्योतिर्लिंग भारत दर्शन यात्रा पर निकले ओम सोउ का जयपुर पहुंचने पर राजस्थानी सिनेमा विकास संघ की ओर से स्वागत किया गया। अपने जयपुर प्रवास के दौरान ओम सोउ ने फिल्म निर्माता-निर्देशक विपिन तिवारी एवं हवा महल विधान सभा क्षेत्र के विधायक महंथ बाल मुकुंदाचार्य से मिलकर अपने यात्रा के रोचक लम्हों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि अभी तक यात्रा के दौरान अंबाजी, सोमनाथ, नागेश्वर, द्वारिका, गिरनार, नासिक, पूना, गरनेश्वर ज्योतिर्लिंग औरंगाबाद, शिरड़ी वाले साईं बाबा, रामेश्वरम, शबरीमाला, तिरुपति बालाजी, जगन्नाथपुरी, केरल के अयप्पा मंदिर, कामाख्या मंदिर, प्रयागराज, काशी, विश्वनाथ सहित हजारों मंदिरों में दर्शन किए। अब अमृतसर होते हुए वैष्णव माता के दर्शन के साथ आगे यात्रा जारी रहेगी।

### कल खेला जाएगा फाइनल मुकाबला

## एमवीसी कप के सेमीफाइनल में प्लेयर्स ने दागे सुपर गोल



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर पोलो सीजन-2024 में राजस्थान पोलो ग्राउंड पर जयपुर ओपन फॉर ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह एमवीसी कप का सेमिफाइनल खेला गया। पहला मुकाबला वी पोलो और कैरेसिल अरावली पोलो के बीच हुआ, जिसमें कैरेसिल अरावली पोलो ने 9-6 के स्कोर से वी पोलो को हराकर फाइनल में जगह बना ली।

दूसरा मुकाबला टीम जयपुर और विमल एरियन अचीवर्स के बीच था। रोमांचक मुकाबले में विमल एरियन अचीवर्स ने टीम जयपुर को 7-6 के स्कोर से पराजित किया।

अब रविवार को फाइनल के लिए मुकाबला होगा। पहले मुकाबले में विजेता टीम कैरेसिल अरावली पोलो के लिए मनोलो एफ लोरेंटे ने 7 गोल किए। कुलदीप सिंह राठौड़ और अभिमन्यू पाठक ने 1-1 गोल किया।

टीम वी पोलो की ओर से माटियास वायल ने 3 गोल, गोंजालो यांजों ने 1 गोल और अंगद कलान ने 2 गोल किए। इसी प्रकार सेमिफाइनल के दूसरे मुकाबले में विजेता टीम विमल एरियन अचीवर्स से क्रिस मैकेंजी ने 5 गोल और राव हिम्मत सिंह बेदला व डेनियल ओटामेंडी ने 1-1 गोल किए।

पराजित टीम जयपुर की ओर से लांस वाटसन ने 4 गोल किए। सवाई पद्मनाभ सिंह और जैसल सिंह ने 1-1 गोल किए। गौरतलब है, कि राजस्थान पोलो ग्राउंड पर शनिवार को पद्मिनी देवी इंटरनेशनल शील्ड एग्जीबिशन मैच खेला जाएगा। यह मैच टीम वॉटरमेट इंडिया और रेस्ट ऑफ द वर्ल्ड टीम के बीच होगा।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिता में तीसरा स्थान पाया

## ‘खेजड़ी की बेटी’ ने जमाया रंग 16 साल के बाद जिताया मेडल



**बेधड़क | जयपुर**

बीएसएनएल राजस्थान खेलकूद और सांस्कृतिक बोर्ड की ओर से चयनित सांस्कृतिक टीम ने 20वीं अखिल भारतीय बीएसएनएल सांस्कृतिक प्रतियोगिता नागपुर में एकांकी नाटक ‘खेजड़ी की बेटी’ का जोशीला मंचन किया और तृतीय स्थान पर विजेता ट्रॉफी जीती।

मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार ने टीम और राजस्थान खेलकुद और सांस्कृतिक बोर्ड सचिव को बधाई देते हुए मोटिवेट किया। कार्यक्रम में निदेशक (मानव संसाधन) कल्याण सागर निप्पाणी बीएसएनएल मुख्यालय नई दिल्ली भी उपस्थित रहे। जयपुर बीएसएनएल परिमंडल कार्यालय में सभी उच्च अधिकारियों और कर्मचारियों ने टीम का स्वागत किया।

प्रधान महाप्रबंधक राजेश कुमार अग्रवाल, महाप्रबंधक (मा.सं. व प्रशासन) अखिलेश अग्रवाल, महाप्रबंधक (सीएम) किशोर भगतानी, महाप्रबंधक (मुख्यालय) निधि माथुर, सहायक महाप्रबंधक राजेश शर्मा और सहायक निदेशक सुनील दत्त ने सांस्कृतिक टीम को प्रोत्साहन दिया। गौरतलब है कि यह मेडल टीम को 16 वर्ष के बाद मिला है। प्ले का निर्देशन टीम मैनेजर रेखा शर्मा के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन किया। रेखा का बतौर प्ले डायरेक्टर पहला नाटक है, जिसे अशोक राही ने लिखा है। रेखा, वैभव अग्रवाल, राहुल मोदानी, पवन कुमार शर्मा, अक्षय कुमार मीणा, बसंत कुमार मीणा, मंजू वर्मा, सीमा जैन, याशिका वर्मा, चंदा पंवार, गेसुका और संगीत व प्रकाश संयोजन कमल किशोर ने एक्ट किया।

**विश्व शांति महायज्ञ** | भट्टारकजी की नसियां में किया गया पोस्टर का विमोचन

## सुनील सागर के सान्निध्य में होगा पंचकल्याणक महोत्सव

**बेधड़क | जयपुर**

श्री मज्जिनेन्द्र शांतिनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव और विश्व शांति महायज्ञ आचार्य सुनील सागर महाराज के सान्निध्य में गणिनी आर्यिकारत्न विजयमती की प्रेरणा से 28 फरवरी से 4 मार्च तक होगा। इसके लिए जयपुर में टीम जुटी और पोस्टर का विमोचन किया। हस्तिनानगरी कामां के कामसेन स्टेडियम में जयपुर के हजारों भक्त पहुचेंगे। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति अध्यक्ष गजेन्द्र बड़जात्या व महामंत्री संजय बड़जात्या ने बताया कि इस दौरान जीर्णोद्धारित चक्रवर्ती देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन दीवानजी व गुरु मंदिर का उद्धासटन होगा। भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य वीरचंद्र-ऊषा बड़जात्या व सौधर्म-शचि इन्द्र बनने का सौभाग्य रिकेश-दीपा बड़जात्या को प्राप्त हुआ है।



### गर्भ कल्याणक पूर्वार्द्ध की क्रियाएं खास

महोत्सव की क्रियाएं उदयपुर के पंडित महावीर डोंगला व सह प्रतिष्ठाचार्य प्रतापगढ़ के ब्र. विनय भैया, जयपुर के डॉ. सनत जैन व सागर के संजय भैया सम्पन्न कराएंगे। शुभारंभ 28 फरवरी को गर्भकल्याण्क पूर्वार्द्ध की क्रियाओं से होगा। इस मौके पर पूजन, घटयात्रा के बाद महाध्वज स्थापना के रूप में ध्वजारोहण बाबा ज्ञानचंद, अशोक-मधु जैन, राकेश-दया जैन (आगोन वाले) फिरोजपुर झिरका करेंगे। इसके बाद हस्तिनानगरी के रूप में बनाई गई पांडाल का उद्घाटन समाजश्रेष्ठी सुभाष-पुष्पा, राजेन्द्र-कविता, विनोद-सोनिया, सचिन-कल्पना, दीपक-दीपिका बिजली वाले करेंगे। आचार्यश्री के मांगलिक प्रवचन के बाद मुख्य कलश की स्थापना दुलीचंद, शीतल कुमार, सोनू बैनाड़ा करेंगे।

### महोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा

1 मार्च को जन्मकल्याण्क महोत्सव मनाया जाएगा, जिसके तहत शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर हेलीकॉप्टर से प्रथम पुष्पवृष्टि समाजश्रेष्ठी परमानंद, मुकेश कुमार, विशाल कुमार, बबली, मनिक जैन करेंगे। संयोजक प्रवीण बड़जात्या ने बताया कि महोत्सव के तहत 2 मार्च को तप कल्याणक मनाया जाएगा।



धीरज कमजोरों की ताकत है, अधीरता मजबूतों की कमजोरी है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### छह हजार किमी तक तबाही मचाने वाले विमान में भरी उड़ान

# पश्चिमी देशों को चेताया... पुतिन ने आधा घंटे तक उड़ाया बॉम्बर



**एजेंसी** | मॉस्को

यूक्रेन युद्ध के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को अपने सबसे घातक और आधुनिक सुपरसोनिक परमाणु बॉम्बर Tu-160M में उड़ान भरकर दुनिया को बड़ा संदेश दिया। पश्चिमी देशों का दावा था कि रूस के हथियारों का खजाना खाली हो रहा है। अब पुतिन ने अपने सबसे घातक परमाणु बॉम्बर में उड़ान भरकर और उसकी फैक्ट्री दिखाकर अपनी परमाणु क्षमता से दुनिया को दो-चार कराया है। रूस के इस परमाणु बॉम्बर का नाटो का कोडनेम 'ब्लैकजेट' है।

रूस का यह बॉम्बर सोवियत जमाने का है लेकिन अब रूस ने इसे एकदम आधुनिक बनाया है। यह रूसी बॉम्बर लंबी दूरी तक परमाणु हमला करने वाली मिसाइलों से लैस है। माना जा रहा है कि पुतिन का इसे उड़ाने का मकसद जहां नाटो को संदेश देना था, वहीं भारत जैसे अपने मित्र देशों को भी इसकी क्षमता से परिचय कराना था ताकि वे इसे खरीदने पर विचार करें। इस उड़ान के बाद पुतिन ने कहा कि यह बहुत ही विश्वसनीय और आधुनिक बमवर्षक विमान है जिसे रूसी वायुसेना अपने बेड़े में शामिल कर सकती है। पुतिन ने करीब 30 मिनट तक इस विमान में पायलट के तौर पर उड़ान भरी। पुतिन ने विमान की सुरक्षा और प्रदर्शन की प्रशंसा की। राष्ट्रपति पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बताया कि पुतिन उड़ान से पहले किसी भी चिकित्सा जांच से नहीं गुजरे।

### परमाणु हमले करने में सक्षम है TU-160M बॉम्बर

इससे पहले कजान एविएशन प्लांट की अपनी यात्रा के दौरान पुतिन ने 4 उन्नत टुपोलेव TU-160M रणनीतिक बमवर्षकों का निरीक्षण किया। ये विमान 6000 किमी दूर के लक्ष्यों पर मिसाइल दागने में सक्षम हैं। यह नाटो और उसके सहयोगियों से जुड़े भविष्य के संकटों या संघर्षों में हस्तक्षेप करने के लिए रूस की ताकत को प्रदर्शित करता है। तातारस्तान में एसपी गोर्बुनोव कजान एविएशन प्लांट ने चार टुपोलेव TU-160M रणनीतिक बमवर्षकों को सफलतापूर्वक तैयार किया है। यह युद्ध के दौरान परमाणु और परंपरागत दोनों ही तरह के हमले करने में सक्षम है। इस मॉडल को दुनिया में सबसे तेज और सबसे भारी पेलोड ले जाने वाला बमवर्षक माना जाता है। यह साल 2030 के दशक में PAK-DA बॉम्बर के विकास तक रूस के रणनीतिक बमवर्षक बेड़े में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

### चांद पर पहुंचा पहला निजी कंपनी का लैंडर

# ऑडी की मून लैंडिंग

**एजेंसी** | वाशिंगटन डीसी

अमेरिका की प्राइवेट कंपनी इंट्यूटिव मशीन्स के रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर 'ओडिसियस' की मून पर लैंडिंग हो गई है। ऑडी के नाम से जाना जाने वाला यह लैंडर लगभग 50 साल बाद चांद की सतह पर उतरा है। 1972 में आखिरी अपोलो मिशन के बाद अमेरिका में बना कोई अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा की सतह पर उतरा है। यह छह पैरों वाला एक रोबोट लैंडर है जो भारतीय समय के मुताबिक शुक्रवार सुबह 4:30 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास मालापर्ट ए नाम के क्रेटर में उतरा। इसके साथ ही यह 50 से अधिक वर्षों में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान बन गया। इसी के साथ इंट्यूटिव मशीन्स (आईएम) चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग करने वाला पहला निजी उद्यम बन गया है। चांद का दक्षिणी ध्रुव वही हिस्सा है, जिसके करीब भारत के चंद्रयान 3 का विक्रम लैंडर उतरा था। गौरतलब है कि अमेरिका एकमात्र ऐसा देश है जिसने चंद्रमा की सतह पर मनुष्यों को भेजा है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि उसने इंट्यूटिव मशीन्स के पहले मिशन के लिए इस लैंडिंग साइट को चुना क्योंकि वह चंद्रमा के पर्यावरण के बारे में अधिक जानना चाहता था। नासा चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव का पता लगाना चाहता है क्योंकि अंतरिक्ष एजेंसी का मानना है कि यह भविष्य के अंतरिक्ष यात्री बेस स्थापित करने के लिए सबसे अच्छा स्थान है।

### खराबी के बावजूद कराई लैंडिंग



लैंडिंग से पहले ओडीसियस के नेविगेशन सिस्टम में कुछ खराबी आई थी। इसके बावजूद लैंडिंग कराई गई। यह स्पेसक्राफ्ट मून के साउथ पोल पर उतरा है। नासा से मिली जानकारी के मुताबिक, स्पेसक्राफ्ट की स्पीड लैंडिंग से पहले बढ़ी थी। इसलिए ओडीसियस ने मून का एक अतिरिक्त चक्कर लगाया था। एक चक्कर बढ़ने की वजह से लैंडिंग के समय में बदलाव हुआ। पहले यह भारतीय समय के अनुसार सुबह 4 बजकर 20 मिनट पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला था। इंट्यूटिव मशीन्स के सीईओ स्टीव अल्टेमस ने कहा कि मुझे पता है कि यह एक मुश्किल था, लेकिन हम सतह पर हैं। हम ट्रांसमिट कर रहे हैं। चांद पर आपका स्वागत है। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने एक वीडियो संदेश के जरिए बधाई दी।

# बर्फ में जमने से 18 वर्षीय छात्र की मौत

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका के इलिनोइस विश्वविद्यालय में 18 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र अकुल धवन की क्लब में प्रवेश नहीं दिए जाने के बाद बर्फ में जमने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार अकुल बी धवन देर रात डेढ़ बजे के करीब लापता हो गया था और लगभग 10 घंटे बाद इलिनोइस यूनिवर्सिटी के कैंपस के पास एक इमारत के बरामदे में मृत पाया गया। हालांकि, उसकी मौत का सटीक कारण जानने के लिए कैंपस पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक 18 वर्षीय अकुल धवन अपने दोस्तों के साथ नाइट आउट के लिए गया था, लेकिन उसे क्लब में प्रवेश नहीं दिया गया। धवन के माता-पिता का मानना है कि बुसे-इवांस रेजिडेंस हॉल के पास कोई तलाशी नहीं ली गई और विश्वविद्यालय पुलिस ने प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इलिनोइस विश्वविद्यालय पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। धवन के माता-पिता ने द न्यूज गजट में जारी एक खुले पत्र में कहा कि माता-पिता के रूप में हमें जवाब चाहिए। हमने यूआई पुलिस में एक आधिकारिक शिकायत दर्ज की है। वहीं, पुलिस ने कहा कि अब तक एकत्र की गई जानकारी से पता चलता है कि मौत आकस्मिक थी और कोई साजिश नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि धवन को सुबह लगभग 11:08 बजे वेस्ट नेवादा स्ट्रीट, अर्बाना के 1200 ब्लॉक में मृत पाया गया था। गौरतलब है कि 2024 में, भारतीय और भारतीय अमेरिकी मूल के सात युवकों की विभिन्न परिस्थितियों में असामयिक मृत्यु हो चुकी है।







### पाकिस्तान: भ्रष्टाचार का आरोप लगा किया गिरफ्तार

# पत्रकार को जेल

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान में सेना की आलोचना करने वाले पत्रकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उसे गिरफ्तार करने का मामला सामने आया है। टीवी एंकर और यूट्यूबर इमरान रियाज खान को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। रियाज खान का कहना है कि उन्हें झूठे केस में गिरफ्तार किया गया है। वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक हैं। पंजाब की भ्रष्टाचार निरोधक संस्था के मुताबिक इमरान रियाज खान और उनके पिता पर चकवाल में धाराबी झील से संबंधित एक अनुबंध को अधिक कीमत पर हासिल करने का आरोप है।

### रानी मरियम की सलामी के लिए गिरफ्तारी

रियाज खान ने गिरफ्तारी के बाद कहा कि उनकी गिरफ्तारी के लिए पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज जिम्मेदार है। जनता का वोट चुराकर मरियम नवाज पंजाब की मुख्यमंत्री बनने जा रही हैं। रानी मरियम नवाज को सलामी देने के लिए मेरी कलाइयों पर हथकड़ी लगाई गई है।

### हजारों साल पुरानी दुनिया के अवशेष

# समुद्र के नीचे मिला 'मेगास्ट्रक्चर'

**एजेंसी** | बर्लिन

वैज्ञानिकों ने एक लंबे समय से खोए हुए पाषाण युग की 'मेगास्ट्रक्चर' की खोज की है। यह खोज इस बात की ओर संकेत करती है कि समुद्र के नीचे एक और दुनिया हो सकती है। दरअसल, समुद्री भूविज्ञानी जैकब गीर्सन ने अपने स्टूडेंट्स के साथ समुद्र तल के एक हिस्से का मानचित्रण किया था। बाद में जांच के दौरान गीर्सन को सतह से 70 फीट नीचे आधे मील से अधिक लंबी एक पत्थर की दीवार मिली जो पाषाण युग की थी। ये धरती की ग्रह पर सबसे पुरानी विशाल संरचनाओं में से एक थी।

पीएनएएस में प्रकाशित शोध में गीर्सन और उनके सहयोगियों का कहना है कि प्राचीन वास्तुकला के इस टुकड़े का उपयोग हिरणों को पालने और उनका शिकार करने के लिए किया गया होगा। गीर्सन को इकोसाउंडर पर चट्टानों और पत्थरों को बाल्टिक सागर के तल पर बिखरी हुई ऊबड़-खाबड़ विसंगतियों के रूप में देखने की आदत थी, जो हजारों साल पहले उत्तरी यूरोप से ग्लेशियरों के पीछे हटने के बाद पीछे रह गए थे।



### 10 से 11 हजार साल पुरानी है दीवार

गीर्सन और छात्रों के एक नए बैच ने एक कैमरा नीचे उतारकर पुष्टि की कि यह पर्वतमाला हजारों चट्टानों से बनी है। एरिक्सन ने डेटा की समीक्षा की और इस बात पर आश्वस्त हो गए कि यह संरचना प्रागैतिहासिक मनुष्यों द्वारा बनाई गई थी, जिन्होंने बड़ी अचल चट्टानों को एक दीवार में जोड़ने के लिए बहुत सारे छोटे पत्थरों का उपयोग किया था। मैं यूएफओ में विश्वास नहीं करती। वह और दूसरे पुरातत्वविद इस बात पर सहमत थे कि दीवार का उपयोग 10 से 11 हजार साल पहले पाषाण युग के दौरान शिकारी संग्रहकर्ताओं ने किया था।

### शिकार के लिए होता था उपयोग

एरिक्सन के मुताबिक, इतनी बड़ी संख्या में बारहसिंगों को मारने का एकमात्र तरीका यह है कि आप उन्हें शूटिंग ब्लाइंड में ले जाएं। इसमें एक तरफ पत्थर की दीवारें और दूसरी तरफ पानी रहा होगा। हिरन दीवार और पानी के बीच फंस गया होगा, जिससे शिकारियों को हिरन पर तीर चलाने का मौका मिल जाता होगा। ये प्रागैतिहासिक लोग खानाबदोश थे लेकिन यह दीवार बताती है कि उनके पास नियमित प्रवासन मार्ग रहा होगा।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl